आज का मौसम
न्यूनतम तापमान में बढ़ोत्तरी होने की संभावना।

| 33.4⁰ | 16.8⁰ |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |
| सूर्योदय 06 : 05 | सूर्यास्त 06 : 23 |




| इफ्तार (बुधवार) | सहरी (गुरुवार) |
|---|---|
| सुन्नी-06 :23 | सुन्नी-04 :47 |
| शिया-06 :36 | शिया-04 :34 |

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

## एक नजर

### गैंगस्टर पप्पू स्मार्ट के घर में चोरी का प्रयास

**कानपुर।** जाजमऊ में बसपा नेता व हिस्ट्रीशीटर पिंटू सेंगर के हत्यारोपी गैंगस्टर पप्पू स्मार्ट के बंद पड़े घर में एक नशेबाज युवक घुस गया। फिर छत से टॉवर में चढ़ने लगा। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को घर से पकड़ लिया और धारा 34 की कार्रवाई की। थाना प्रभारी अजय प्रकाश मिश्रा ने बताया कि युवक ने अपना नाम सनिगवां निवासी समीर बताया है।

### टेनरी में लगी आग, दमकल ने पाया काबू

**कानपुर।** चकेरी थानाक्षेत्र के गज्जूपुरवा जाजमऊ स्थित अलीम टेनरी में सोमवार तड़के आग लग गई। दमकल की दो गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। चकेरी डिफेंस कॉलोनी निवासी सुहैब अहसन की जाजमऊ में अलीम टेनरी है। उन्हें सोमवार तड़के टेनरी कर्मचारी ने आग लगने की सूचना दी। टेनरी संचालक ने पुलिस व दमकल को सूचना दी।

### दो-तीन दिन बाद फिर बदलेगा मौसम

**कानपुर।** मई जैसी गर्मी मार्च में ही झेलने को मजबूर लोगों को दो चार दिन में कुछ राहत मिल सकती है। दरअसल मौसम विभाग ने बारिश की संभावना जताई है। मौसम विभाग के अनुसार 3 दिन बाद यूपी के कई हिस्सों में कहीं तेज तो कहीं मध्यम बारिश होगी। 29 मार्च को एक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय रहेगा जिसके कारण मौसम में बदलाव आएगा। इसकी वजह से पश्चिमी इलाकों में गरज-चमक के साथ बारिश होगी। कहीं-कहीं धूल भरी आंधी भी चल सकती है।

### आवाज कम करने को कहा तो पीटा

**कानपुर।** नवाबगंज थानाक्षेत्र के सुखऊपुरवा निवासी सुरेश सिंह ने तीन लोगों के खिलाफ मारपीट की धारा में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़ित के अनुसार 24 मार्च की रात 12 बजे के करीब आरोपी घर के सामने होलिका के पास तेज आवाज में डीजे बजा रहे थे। उन्होंने धीमा करने को कहा तो विमल गौतम, साहिल व मोनू ने उन्हें और उनके बेटे रोहित सिंह को पीट दिया। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पीड़ित ने नवाबगंज थाने में तहरीर दी है। प्रभारी निरीक्षक दीनानाथ मिश्रा ने बताया रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

### नशे में धुत चालक दौड़ा रहा था बस

**कानपुर।** होली की रात कानपुर से दिल्ली जा रही थी निजी बस को नशे में धुत चालक दौड़ा रहा था। बस के बार-बार लहराने पर यात्रियों ने हंगामा काटा और शोर-शराबा करके बस रुकवाई। हंगामा बढ़ता देख बस छोड़कर ड्राइवर भाग गया। घटना सचेंडी हाईवे की है जहां दीपू चौहान ढाबे के पास बस को रोका गया। इसके बाद पुलिस बुलाई गई। बस फजलगंज की एक निजी ट्रेवल्स की बताई गई है। शराबी चालक के कारण बड़ा हादसा हो सकता था।



टूटी पड़ी हाथ कूड़ा गाड़ियां। अमृत विचार



खुले में ही कूड़ा जला दिया गया। अमृत विचार

## होली पर सड़कों और कूड़ा डंपों में लगे कूड़े के पहाड़, लोगों को हुई परेशानी

# त्योहार पर वार्डों से कूड़ा नहीं उठाया, कहीं खुले में जलाया

**05** बजे से 8 बजे तक सुबह सफाई हर हाल में पूरी करने का निर्देश दिया है शासन ने

**50** से अधिक वार्डों में कूड़ा घरों से नहीं उठा, दरवाजे पर नहीं बजी सीटी भी

- दूसरे दिन भी कई जगह नहीं पहुंचे सफाई कर्मचारी
- निगरानी करने वाले अफसर भी होली की मस्ती में भूले

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** होली के चलते दो दिन शहर के कई मोहल्लों से कूड़ा नहीं उठा। सोमवार और मंगलवार को भी अधिकतर वार्डों में सफाई कर्मचारी नहीं पहुंचे। जिसकी वजह से कूड़ा सड़कों पर एकत्र हो गया। सिविल लाइंस, कल्याणपुर में तो कूड़े को जला दिया गया। जिससे क्षेत्र में धुंआ-धुंआ हो गया। कूड़ा डंप के बाहर भी कूड़े के पहाड़ देखे गये। कई मोहल्लों में डोर-टू-डोर भी कूड़ा नहीं लिया गया।

होली व आने वाले त्योहारों को लेकर भले ही शासन ने सुबह 5 बजे से 8 बजे तक सफाई हर हाल में पूरी करने के निर्देश दिये हों, लेकिन यहां उल्टी गंगा बह रही है। त्योहार पर सफाई ही बंद हो गई। रविवार को सफाई कार्य में लगे रहने के चलते होली खेलने वाले दिन सफाई कर्मचारी छुट्टी पर रहे। पूरी तरह से सफाई कार्य प्रभावित रहा। मंगलवार को दूसरे दिन भी वार्डों में सफाई कर्मचारी नहीं पहुंचे। जिससे सड़क, गली, मोहल्लों और कूड़ा डंपों पर कूड़ा ही कूड़ा दिखा। परमपुरवा, बर्रा के कई क्षेत्रों, जूही, गोविंद नगर 13 ब्लॉक, पॉश इलाके सिविल लाइंस, परेड के आस-पास, नयागंज, कलक्टरगंज, लाल इमली के सामने गली में, निरला नगर डंप, कमिश्नर आवास के पीछे कूड़े का पहाड़ लग गया। सिविल लाइंस और कल्याणपुर के मसवानपुर हाइटेंशन लाइन के नीचे सफाई कर्मचारियों ने कूड़ा जला दिया। इससे हवा में काला धुंआ उड़ता रहा।



होली पर नहीं उठा कूड़ा। अमृत विचार

### डोर-टू-डोर कूड़ा उठाने वाले भी नहीं पहुंचे

- दो दिन से डोर-टू-डोर कूड़ा उठाने वाले कर्मचारी भी नहीं पहुंचे। सीसामऊ, बर्रा, परेड, नौबस्ता, कोयला नगर, नवाबगंज, जूही, गोविंद नगर, साकेत नगर, निराला नगर, रतनलाल नगर, जरौली, गुजैनी समेत शहर के 50 वार्डों में कूड़ा घरों से नहीं उठा। जिससे मजबूरन लोगों ने घरों में एकत्र कूड़ा डंप या सड़क पर डाल दिया। नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अजय कुमार संखवार ने बताया कि बुधवार से प्रॉपर मॉनीटरिंग शुरू होगी। होली के चलते कुछ वार्डों में समस्या हुई है।

## ऑटो लेकर जलती होलिका में घुस गया नशेड़ी चालक

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** बर्रा आठ में रविवार देर रात शराब के नशे में धुत ऑटो चालक जलती होलिका में ऑटो समेत घुस गया। होलिका में ऑटो घुसते ही मौके पर मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया। क्षेत्रीय लोगों ने ऑटो चालक को सुरक्षित बाहर निकाल कर गुजैनी पुलिस को सूचना दी।

रविवार देर रात बर्रा आठ ब्लिस हॉस्पिटल के पास स्थित चौराहे पर होलिका दहन हो रहा था। इस दौरान नशे में धुत नवाबगंज निवासी ऑटो चालक बब्लू तेज रफ्तार ऑटो से आया और सीधे जलती होलिका में घुस गया। होलिका में ऑटो घुसती देख आस-पास खड़े लोगों में भगदड़ मच गई। क्षेत्रीय लोगों ने ऑटो से चालक को खींच कर बाहर निकाला। घटना की सूचना पर गुजैनी पुलिस मौके पर पहुंची। थाना प्रभारी विनय कुमार तिवारी ने बताया कि ऑटो पूरी तरह से जल गया है। चालक शराब के नशे में धुत था, उसे सकुशल बचा लिया गया है।

## 1618 सूचनाओं पर दौड़ी पीआरवी ने की मदद

**कानपुर।** जहां एक तरफ पूरा प्रदेश होली का पर्व धूमधाम से मना रहा था। वहीं यूपी 112 की पीआरवी जरूरतमंद लोगों को आकस्मिक सहायता उपलब्ध करने में व्यस्त थी। 112 मुख्यालय के आंकड़े बताते हैं कि होली के मौके पर प्रदेश भर में 4800 पीआरवी ने 36,114 सूचनाओं पर लोगों को मदद पहुंचाने का काम किया। जबकि आम दिनों में 19 हजार सूचनाओं पर 112 की ओर से प्रतिदिन नागरिकों को आकस्मिक सहायता दी जाती हैं। रंगों का ये त्योहार बेरंग ना हो इसके लिए एडीजी 112 नीरा रावत ने पहले से ही जमीनी तैयारी की थी।

होली पर आकस्मिक सहायता के लिए यूपी 112 पर 24 व 25 मार्च की देर रात से सूचनाओं का मिलना शुरू हो गया था। इस दौरान एंबुलेंस, फायर, पुलिस से संबंधी मिली सूचनाओं पर पीआरवी कर्मियों ने तत्काल मौके पर पहुंच कर मदद की। 24 घंटे में प्रदेश भर में सर्वाधिक 3375 सूचना लखनऊ से मिलीं। इसके बाद वाराणसी से 1920, गोरखपुर से 1870, कानपुर से 1618 और प्रयागराज से 1344 सूचनाएं यूपी 112 को प्राप्त हुईं। इस दौरान श्रावस्ती जनपद सबसे शांत रहा। यहां 24 घंटे में सिर्फ 81 सूचनाएं मिलीं। त्योहार पर आकस्मिक सहायता जल्द से जल्द लोगों को मिल सके इसके लिए अधिकारियों का पूरा केंद्र प्रतिक्रिया समय पर रहा।

## तीन युद्ध लड़े नायब सूबेदार दुनिया से विदा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



दिवंगत दिलीप सिंह। अमृत विचार

- पंचतत्व में विलीन हुए नायब सूबेदार (रि.) सरदार दिलीप सिंह
- 1962, 1965 और 1971 की जंग में लिया था हिस्सा

**अमृत विचार।** भारतीय सेना में नायब सूबेदार रहे सरदार दिलीप सिंह (92) का 24 मार्च को निधन हो गया। वह रिटायरमेंट के बाद कानपुर में रहने लगे थे। सरदार दिलीप सिंह ने 1962 चीन युद्ध और 1965 और 1971 की पाकिस्तान की जंग में हिस्सा लिया था। गोविंदनगर के स्वर्गाश्रम में अश्रुपूर्ण माहौल में उनकी अंत्येष्टि की गयी। वह अपने पीछे तीन पुत्र छोड़ गए। उनके बेटों का लकड़ी का बिजनेस है।

उनके पुत्र गुरजिंदर सिंह बताते हैं कि थलसेना में बतौर सिपाही (ईएमई) भरती हुए दिलीप सिंह नायब सूबेदार तक पहुंचे। लंबी अवधि तक सेना में रहने और सद्आचरण के चलते उन्हें राष्ट्रपति पुरस्कार भी मिला था। उन्होंने सेना में रहते हुए तीन बड़े युद्ध लड़े थे। 1962 में चीन से, 1965 और 1971 में पाकिस्तान से जंग में वह लड़े।

पाकिस्तान से हुए दोनों युद्ध से जुड़े उनके किस्से चर्चा में रहे जिन्हें लोगों को बताकर उनमें देश के प्रति जज्बा उत्पन्न करते थे। पंजाब में तैनाती के दौरान पर 1971 के युद्ध में सरदार दिलीप सिंह अपनी टुकड़ी के साथ लाहौर में 15 किलोमीटर भीतर तक घुस गए।

बकौल गुरजिंदर वह बताते थे कि टुकड़ी का एक उत्साही सैनिक थोड़ा आगे निकल गया था तो उसका धड़ से सिर अलग कर दिया गया था। बदले की आग में धधकती टुकड़ी आगे बढ़ने वाली थी कि सैन्य अफसर के आदेश से वापस बुला ली गई। सरदार दिलीप सिंह का पठानकोट में हवाई हमले वाला किस्सा चर्चित है जिसमें ये लोग हवाई हमले में फंस गए थे। इसी बीच पैराशूट से दो पाकिस्तानी सैनिक थोड़ा दूर कूदे जिन्हें हलाक करने का प्रयास किया गया पर वे मिले ही नहीं।

### होली की मस्ती

गंगा तट पर भी लोगों ने जमकर होली खेली। होली की मस्ती में डूबे लोगों ने जमकर अबीर गुलाल लगाया और फिर शाम के समय गंगा में डुबकी भी लगाई। तमाम ऐसे भी होरियारे थे जो एक दूसरे को गंगा में डुबकी लगवाई। हर- हर महादेव का उदघोष हुआ। ● अमृत विचार।



## 25 साल से चल रही अवैध फैक्ट्री धधकी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर।

**अमृत विचार।** चकेरी थानाक्षेत्र के रिहायशी इलाके कृष्णा नगर के ब्लॉक सात में 25 वर्षों से चल रही अवैध बाइक वाइजर फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। जिससे इलाके में हड़कंप मच गया। दमकल की पांच गाड़ियों ने करीब दो घंटे की मशक्कत कर आग पर काबू पाया। लाखों के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है।

कृष्णा नगर के ब्लॉक नंबर ग्यारह निवासी अंकित और चंदन भाटिया की इलाके के ब्लॉक नंबर सात में बाइक के वाइजर बनाने की तीन मंजिला फैक्ट्री है। मंगलवार को फैक्ट्री बंद थी। दोपहर करीब तीन बजे लोगों ने फैक्ट्री के अंदर से धुंआ निकलते देखा तो आग लगने की जानकारी हुई। फैक्ट्री में अंदर घुसने का रास्ता न होने पर दमकल कर्मियों ने पड़ोसी वीरेन्द्र सिंह समेत अन्य पड़ोसियों की दीवार को तोड़ा। फिर पानी डाला। सीढ़ी लगाकर भी दमकल कर्मी फैक्ट्री में घुसने का प्रयास करते रहे।

करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। आग की घटना से पड़ोसी सेवानिवृत्त सैन्यकर्मी वीरेन्द्र सिंह समेत अन्य की दीवारें भी काली हो गईं। लोगों ने बताया कि करीब 25 साल से रिहायशी इलाके में अवैध रूप से फैक्ट्री संचालित है।

जाजमऊ फायर स्टेशन के अधिकारी राहुल नंदन ने बताया कि आग का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। रिहायशी इलाके में संचालित हो रही फैक्ट्री के कागजातों की भी जांच की जाएगी।



फैक्ट्री में आग बुझाता जवान। अमृत विचार

### आग देख पड़ोसी सड़क पर आ गए

- घटना के दौरान पड़ोसी अपने घर को भी आग की चपेट में आता देख घरों से बाहर निकलकर सड़क पर आ गये। लोगों में दहशत का माहौल था। दमकल कर्मी जब फैक्ट्री के अंदर घुसे तो उन्हें दो खाली और एक भरा गैस सिलेंडर रखा मिला। सिलेंडरों को बाहर निकाला गया।

**उपलब्धि** आईआईटी के वैज्ञानिकों ने बनाई स्पेशल डिवाइस, कैमरे और लाइट की मदद से होती है जानकारी

# अब मुख कैंसर का पता आसानी से चलेगा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** मुख कैंसर के लक्षणों को अब पता लगाना और आसान हो गया है। इसके लिए आईआईटी कानपुर के विशेषज्ञों ने एक विशेष डिवाइस बनाई है। इस डिवाइस के कैमरे और विशेष लाइट की सहायता से मुख कैंसर के लक्षणों का पता लगाया जाता है। दावा किया गया कि 'ए नॉन इंवेसिव हैंडेड हेल्ड ओरल कैंसर टेस्टिंग डिवाइस' की सहायता से लक्षण को पहचानना पहले के मुकाबले काफी आसान हो गया है।

आईआईटी कानपुर ने एक ऐसी डिवाइस को डेवलप किया है जो बिना रेडिएशन और केमिकल का यूज किए ओरल कैंसर का पता लगाएगी।

यह डिवाइस आईआईटी के केमिकल इंजीनियरिंग डिपार्टमेंट के प्रोफेसर जयंत के सिंह ने तैयार की है। डिवाइस का नाम ' ए नॉन इंवेसिव हैंडेड हेल्ड ओरल कैंसर टेस्टिंग डिवाइस' रखा गया है।

**लाइसेंसिंग के लिए तैयार:** आईआईटी के केमिकल इंजीनियरिंग डिपार्टमेंट की ओर से तैयार की गई यह डिवाइस टेक्नोलॉजी ट्रांसफर के लिए तैयार है। इसके लिए किसी कंपनी या स्टार्टअप आदि को आईआईटी के टेक्नोलॉजी ट्रांसफर आफिस में संपर्क करना होगा। इस डिवाइस के टीआरएल को जानने के लिए सात पायलट डिमांस्ट्रेटेड किए जा चुके हैं।




### ऐसे काम करेगी डिवाइस

- यह डिवाइस स्पेशल लाइट और कैमरे की मदद से रियल टाइम डाइग्नोसिस करती है। इसके बाद मशीन लर्निंग प्रोसेस से ओरल म्यूकोसा इमेज से नार्मल, प्रीमैलिग्नेंट या मैलिग्नेंट कंडीशन को बताता है। इसके रिजल्ट को स्मार्टफोन एप या क्लाउड सर्वर पर ले सकते हैं। यह अभी तक की देश में सबसे लेटेस्ट ओरल कैंसर डिटेक्शन टेक्निक है। बताते चलें कि यह डिवाइस पोर्टेबल है। जिसको कहीं भी लेकर जाया जा सकता है।

### टेस्टिंग प्रोसेस परेशान करने वाला



- बताया गया कि जितनी खतरनाक कैंसर बीमारी है उतनी ही खतरनाक इसका टेस्टिंग प्रोसेस भी है। इसकी टेस्टिंग के लिए इस्तेमाल की जाने वाली टेक्निक्स में रेड्यूस होने वाले रेडिएशन और केमिकल के इस्तेमाल से कई तरह की परेशानियां होती हैं। साथ ही टेस्ट कंफर्म होने में खासा समय भी लगता है। इसके अलावा कैंसर न होने पर जांच मात्र से ही पेशेंट काफी परेशान हो जाता है। अभी मुख्य रूप से बायोप्सी से कैंस की पहचान की जाती है। जिसमें संदिग्ध हिस्से से थोड़ा सा मांस निकालकर जांच के लिए भेजा जाता है। इसकी रिपोर्ट एक हफ्ते से 10 दिन में आती है। तब तक मरीज सोच-सोच कर परेशान होता रहता है। इसके अलावा मरीज अक्सर चाकू-कैंची लगने के संबंध में फैली भ्रांतियों की वजह से बायोप्सी कराने में ना-नुकुर करते हैं। जिससे मर्ज और फैल जाता है। इस नई डिवाइस से इस तरह की दिक्कतों को दूर किया जा सकेगा।

### हैलट में भर्ती हुए 50 से अधिक घायल

**कानपुर।** होली पर विभिन्न हादसों में घायल 50 से अधिक लोग हैलट पहुंचे। इमरजेंसी में 24 मार्च की रात व 25 मार्च को सिर में चोट, हाथ, पैर व शरीर के अन्य हिस्सों में चोट आदि लगने से इलाज को 50 से अधिक लोग पहुंचे। दो दिन में इमरजेंसी में 50 लोगों को भर्ती किया गया। जबकि कुछ घायलों का इलाज कर उनको घर भेज दिया गया।

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति-पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

The Ano Rectal Clinic
अत्याधुनिक विधि द्वारा गुदाद्वार में होने वाली बीमारियों का परीक्षण
Dr. Sanjay Kumar Yadav
M.S. (Ano-Rectal Surgeon)



Video Recto Scope
लेज़र विधि एवं DGHAL विधि द्वारा
बवासीर (Piles) भगन्दर (Fistula)
एवं गुदाद्वार में होने वाली अन्य बीमारियों का उचित* इलाज



क्लीनिक का पता
एस-80, गोल चौराहा, महानगर कोतवाली के सामने, महानगर, लखनऊ
7388913338
8005423919
www.anorectalclinic.com





शहर में होली का रंग लोगों के खूब सिर चढ़ा। बच्चे, बड़े, बुजुर्ग, महिलाएं सब पर होली सवार रही। फिल्मी गीतों पर जमकर ठुमके लगे और परमट मंदिर में राधा- कृष्ण ने भी भक्तों के साथ जमकर रंग बरसाया। आर्यनगर में भी जमकर होली खेली गयी। अमृत विचार

○ पूरे शहर में बरसा रंग, युवाओं की टोलियां घूमती रहीं ○ जगह-जगह म्यूजिक सिस्टम लगाकर डांस करते रहे लोग

# मस्ती में डोली होरियारों की टोली, खूब मनी होली

**होली है**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** रंग बरसे भीगे चुनर वाली रंग बरसे, होली खेले रघुवीरा अवध में होली आदि गानों के साथ होली पर शहर में जमकर रंग बरसे। हर गली और हर घर से बच्चों के साथ बड़े भी होली के रंग में रंगे नजर आए। जो जहां मिला उसे रंग लगाया और बुरा न मानो होली है के बीच रंग से नहला दिया। चौराहों पर तो कई जगहों पर युवाओं की टोली ने ड्रमों में रंग भर रखा था और जो जहां मिला उसे नहला दिया। होली की ऐसी मस्ती की चहुंओर गुलाल और अबीर फिजा में घुला नजर आया। फिल्मी गीतों की धुन पर लोग नाचते और एक दूसरे को रंग लगाते। अपार्टमेंटों में भी होली का उत्साह जबरदस्त दिखा।



आनंदेश्वर मंदिर की होली ने रंग जमा दिया। यहां होली के रंग में लोग झूमे। अमृत विचार

रविवार की रात होलिका दहन के साथ ही होली का उत्सव शुरू हो गया था। रात में लोगों ने गुलाल-अबीर से होली खेली लेकिन सुबह होते ही रंगों की बौछार शुरू हो गई। अबीर- गुलाल और रंग लिए शहरी मुस्तैद रहे। गले भी लगाया और बधाई भी दी। बच्चों को तो पकड़कर युवा ड्रमों में डुबो दे रहे थे। आर्यनगर में सैकड़ों लोग कपड़ा फाड़ होली खेलते रहे। गीता नगर के युवाओं की टोली लोडर पर तीन ड्रमों में रंग घोलकर घूम रही थी और जो जहां मिलता उसे सराबोर कर आगे निकल लेती थी। कुछ ऐसी स्थिति बिरहाना रोड, लाठी मोहाल, जनरलगंज, अफीमकोठी, गोविंद नगर आदि क्षेत्रों में देखने को मिली। यहां भी छतों से लोग रंग की बौछार करते नजर आए। जैसे ही कोई गली से गुरजता बच्चे बाल्टी भरा रंग उसके ऊपर उड़ेल देते।

## आनंदेश्वर मंदिर में फूलों की होली

■ बाबा तेरा रूप निराला, परमट में है डेरा डाला जयघोष के साथ बाबा श्री आनन्देश्वर मंदिर में भक्तों ने जमकर होली खेली। पहले तो यहां अबीर-गुलाल उड़ाए गए फिर फूलों से होली खेली गई। आचार्य पंडित प्रमोद तिवारी, आचार्य तारावधि ने पहले महादेव का मनोहारी श्रृंगार किया। इसके बाद प्रभु को गुलाल-अबीर अर्पित किया गया। इसके बाद 200 किलो गुलाब की पंखुड़ी, 151 किलो गेंदे की पंखुड़ी, 101 किलो बिजली के फूल के साथ होली शुरू हुई। भक्त 1, 2, 3, 4 बाबा जी की जय-जयकार और बाबा तेरा रूप निराला, परमट में है डेरा डाला जैसे गीतों पर जमकर होली खेली। यहां राधा-कृष्ण की मनोहारी झांकियों ने हर किसी का मन मोह लिया। इस अवस पर संयोजक अभय मिश्र, मन्दिर के मंहत वशिष्ठ गिरी महराज कोठारी, अरुण भारतीय, विवेकपुरी महराज थाना पट्टी, रतनपुरी महराज, अतिवन महराज, प्रधान पुजारी संजय मिश्र, अनूप पुजारी, अजय पुजारी, के0के0 तिवारी, अजय पुजारी आदि मौजूद रहे।



पुलिस लाइन में भी होली खेली गई। अमृत विचार

# रंग से आंखें हो गईं लाल बदन में हो रही खुजली

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● **हैलट व उर्सला की ओपीडी में पहुंचे मरीज**

**अमृत विचार।** केमिकलयुक्त रंग, अबीर व गुलाल की वजह से दो दर्जन से अधिक लोग मंगलवार को हैलट पहुंचे। एक बच्चे की आंख में रंग जाने से उसकी पुतली में घाव हो गया।

हैलट अस्पताल के नेत्र रोग विभाग की ओपीडी में मंगलवार को 13 मरीज ऐसे पहुंचे, जिनकी आंखों में रंग चला गया था। मरीजों की आंख में सूजन, लालिमा, आंख से पानी आना, देखने में समस्या होना आदि दिक्कत हो रहीं थी। वहीं, बर्रा के एक बच्चे की आंख की पुतली में रंग जाने से घाव तक हो गया। इसी तरह चर्म रोग विभाग की ओपीडी में 23 मरीज ऐसे पहुंचे, जिनको केमिकलयुक्त रंग की वजह से त्वचा में जलन, छाले जैसे निशान उभरा, लालपन, त्वचा में दाने आदि समस्या हुई। यहीं, हाल उर्सला, केपीएम व कांशीराम संयुक्त अस्पताल का भी रहा। तीनों अस्पताल में 30 से अधिक मरीज आंख में रंग जाने व त्वचा रोग के पहुंचे।

जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज की नेत्र रोग विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. शालिनी मोहन ने बताया कि बाजार में मिलने वाले कुछ सिंथेटिक रंग रसायनों से बनते हैं जिनमें सीसा जैसे धातुओं का प्रयोग किया जाता है। रंगों में मौजूद छोटे-छोटे सीसा के कण आंखों में जाकर कॉर्निया को नुकसान पहुंचाते हैं। चर्म रोग विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ.डीपी शिवहरे ने बताया कि ओपीडी में करीब दो दर्जन मरीज आए।

प्रवेश प्रारम्भ प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर



काली माता की झांकी आकर्षण का केंद्र रही। अमृत विचार

## आज मनाई जाएगी भाई दूज

**कानपुर।** भाई दूज का पर्व चैत्र माह के कृष्ण पक्ष की द्वितीया तिथि मंगलवार को दोपहर 2.55 बजे से लग गया। जो बुधवार को शाम 5.06 बजे तक रहेगी। उदया व्यापिनी होने के कारण भाई दूज का पर्व बुधवार को ही मनाया जाएगा। ज्योतिषाचार्य पंडित मनोज कुमार द्विवेदी के मुताबिक पहला मुहूर्त सुबह 10 बजकर 54 मिनट से लेकर दोपहर 12 बजकर 27 मिनट तक और दूसरा मुहूर्त दोपहर 3 बजकर 31 मिनट से लेकर शाम 05 बजकर 04 मिनट तक रहेगा। होली के बाद पड़ने वाले भाई दूज को भी बहन भाई के अटूट प्यार को दर्शाता है। इस दिन बहनें भाई की लंबी आयु और अच्छे स्वास्थ्य की कामना करती हैं। इसके साथ ही माना जाता है कि इस दिन तिलक लगाने से अकाल मृत्यु का भय समाप्त हो जाता है। इसके साथ ही जीवन में आई हर एक मुश्किल समाप्त हो जाती है और सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है। हालांकि कई घरों में मंगलवार को ही भाई दूज का पर्व मनाया गया।



बच्चों ने की मस्ती।



भाइयों को तिलक करने के लिए जेल पहुंची बहनें। अमृत विचार

## भाइयों के माथे पर लगाया तिलक

जेल में मंगलवार को ही भाई दूज का पर्व मनाया गया। सुबह से ही बहनों की भीड़ जिला जेल के बाहर लग गई। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच बहनों ने भाई के माथे पर तिलक लगाया और गले मिलीं। कई बहनें तो भाइयों के गले लगकर रो पड़ीं।

## गले मिलकर दी पर्व की बधाई

**कानपुर।** श्री महाराजा अग्रसेन वंशज सभा की ओर से पारिवारिक होली मिलन समारोह का आयोजन कृष्णा धाम पार्वती बागला रोड में किया गया। इस दौरान लोगों ने एक दूसरे को अबीर- गुलाल लगाया और गले मिलकर बधाई दी। सर्व प्रथम केसर व चंदन का टीका लगाकर एक दूसरे का स्वागत किया गया। राधा- कृष्ण की झांकी ने मन मोह लिया। इस अवसर पर अध्यक्ष गोविन्द प्रसाद अग्रवाल, संयोजक आलोक अग्रवाल, महामंत्री गोपाल अग्रवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष उमेश चन्द्र अग्रवाल, कोषाध्यक्ष विजय कुमार अग्रवाल, उपाध्यक्ष अनुराग अग्रवाल, मंत्री मधुप अग्रवाल, प्रवीन राज अग्रवाल, विवेक गर्ग, सहसंयोजक विदित अग्रवाल, सरवन अग्रवाल, महिला समिति की बबिता अग्रवाल, उमा अग्रवाल, बीना अग्रवाल, अनूपा अग्रवाल, संध्या अग्रवाल, निषि गर्ग आदि रहे।



अग्रसेन वंशज सभा ने मनाई होली। अमृत विचार

## संचारी रोगों पर नियंत्रण के लिए समन्वय जरूरी

**कानपुर।** मौसम में बदलाव के कारण जिले में संचारी रोगों का भी खतरा बढ़ गया है। वायरल बुखार व गले में संक्रमण के मरीज अस्पतालों में पहुंच रहे हैं। ऐसे में एक अप्रैल से शुरू होने वाले संचारी रोग नियंत्रण अभियान तभी संभव हो सकता है, जब स्वास्थ्य विभाग के साथ ही अन्य सभी संबंधित विभाग अपने हिस्से के दायित्वों का पूर्ण रूप से पालन करे।

सीएमओ डॉ.आलोक रंजन ने बताया कि जिले में 12 विभागों के सहयोग से विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलाया जाएगा। अभियान के दौरान आशा कार्यकर्ता ई-कवच पर रिपोर्टिंग के साथ ही मरीज की स्क्रीनिंग करेंगी और उनकी आभा आईडी भी बनाएगी। आभा आईडी बनने से हर मरीज के स्वास्थ्य की कुंडली स्वास्थ्य विभाग के पास रहेगी।

बिगड़ने लगे हालात | 517 एमएलडी पानी की जरूरत रोज, 448 एमएलडी पानी की ही हो रही सप्लाई

# गर्मी में फिर जलसंकट को रहें तैयार, बढ़ेगी मांग

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- **पेयजल पर 869 करोड़ खर्च पर अभी तक पानी की नहीं शुरू हो पाई सप्लाई**
- **पाइप लाइन फटने की दिक्कत बरकरार, जलनिगम अधिकारी अब तक समस्या नहीं कर पाए दूर**

**अमृत विचार।** जेएनएनयूआरएम योजना के तहत शहर में करोड़ों रुपये खर्च किए जा चुके हैं। जिसके तहत नई पानी की लाइनें, नए वाटर वर्कस, ओवर हेड टैंक बनाए गए, लेकिन इसके बाद भी शहर की प्यास पूरी तरह से बुझी नहीं है। शहर में 517 एमएलडी पानी की रोजाना जरूरत है जबकि 448 एमएलडी पानी की सप्लाई हो रही है। 69 मिलियन लीटर पानी प्रति दिन का कम सप्लाई हो रहा है। जलकल और जलनिगम की ओर से मिली जानकारी के मुताबिक आने वाले दिनों में 594.91 एमएलडी पानी की जरूरत बताई है।

घरों तक गंगा का पानी पहुंचाने के लिए जेएनएनयूआरएम में दो हिस्सों में प्रोजेक्ट बनाया गया था। इसके तहत कुल 869 करोड़ रुपये खर्च किए गए। योजना के प्रथम फेज में पुराने क्षेत्रों के 67 वार्डों को शामिल किया गया था। इसमें 270.95 करोड़ रुपये से वाटर वर्कस, फीडर मेन लाइन, ट्रीटमेंट प्लांट, जोनल पम्पिंग स्टेशन समेत कई कार्य होने थे। अधिकारियों और कार्य कर रही कंपनी की लापरवाही से लेटलतीफी हुई और योजना की लागत बढ़ते-बढ़ते 394 करोड़ रुपये पहुंच गई। इसी तरह फेज 2 में शेष बचे 33 वार्डों में 340 करोड़ से रिजरवॉयर, ओवरहेड टैंक आदि बनाने के कार्यों को शामिल किया गया। इस प्रोजेक्ट में भी जमकर अनियमितता बरती गई और लेटलतीफी की वजह से से लागत 475 करोड़ से अधिक हो गई। वर्ष 2007 में जेएनएनयूआरएम प्रोजेक्ट शुरू होने से पहले बेनाझावर में 200 एमएलडी व गुजैनी में 28.5 के वाटर ट्रीटमेंट प्लांट बने थे। तब नलकूप आदि मिलाकर 420 एमएलडी वाटर सप्लाई हो रही थी। जेएनएनयूआरएम में वर्ष 2040 तक जनसंख्या को ध्यान में रखकर गंगा बैराज के पास 200-200 एमएलडी और गुजैनी में 28.5 एमएलडी के और वाटर ट्रीटमेंट प्लांट बनाए गए। बेनाझाबर मुख्यालय के ट्रीटमेंट प्लांट की कैपेसिटी बढ़ाकर 250 एमएलडी की गई। लेकिन, यह नाकाफी है।

**3400** सार्वजनिक नल

**165** नलकूप | **48** वाटर टैंकर

**41** जोनल पम्पिंग स्टेशन हैं कुल शहर में

**27** क्लियर वाटर रिजरवायर हैं

**कहां से कितनी हो रही सप्लाई**

| | |
|---|---|
| भैरवघाट इंटेक प्वाइंट | 200 एमएलडी |
| लोअर गंगा कैनाल | 50 एमएलडी |
| गुजैनी वाटर वर्क्स | 28.5 एमएलडी |
| गंगा बैराज वाटर वर्क्स | 50 एमएलडी |
| नलकूप | 120 एलएलडी |
| पानी की जरूरत | 594.91 एमएलडी |
| सप्लाई हो रही | 448 एमएलडी प्रतिदिन |

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
सूचित हो कि मैं मधुर कुमार शुक्ला से अपना नाम बदलकर मधुर शुक्ला रख रहा हूँ। आज से मुझे मधुर शुक्ला के नाम से जाना व पहचाना जाये। **निवासी -पावर हाउस के पीछे, आशा नगर, हरदोई।**

**सूचना**
मैने अपना नाम शोभा सिंह SHOBHA SINGH से बदलकर सोभा सिंह SOBHA SINGH कर लिया है उक्त दोनों नाम एक ही महिला के हैं समस्त दस्तावेजों में मुझे सोभा सिंह SOBHA SINGH नाम से पहचाना जाए। **सोभा सिंह पत्नी राकेश कुमार सिंह 109/344 आर के नगर कानपुर**

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अपने पुत्र मो0 जुबैर पुत्र स्वर्गीय मोहम्मद फारूक निवासी ग्राम पोस्ट मदनपुर थाना कोतवाली फतेहपुर को गलत चाल चलन के कारण बेदखल करती हूं अब मेरा अपने स्वर्गीय पुत्र मोहम्मद जुबेर से किसी भी प्रकार का कोई वास्ता सरोकार भविष्य में नहीं रहेगा **तैय्यबा खातून पत्नी स्वर्गीय मोहम्मद फारूक निवासी ग्राम और पोस्ट मदनपुर थाना कोतवाली फतेहपुर जनपद बाराबंकी**

**सूचना**
सूचित हो कि मेरी पुत्री अंजली वर्मा के हाईस्कूल व इण्टरमीडिएट के अंकपत्र सह प्रमाण पत्र में मेरा नाम महेश प्रसाद वर्मा त्रुटिवश अंकित हो गया है। जबकि मेरे आधार कार्ड व अन्य अभिलेखों में सही नाम महेश प्रसाद है। अतः मेरी पुत्री के शैक्षिक अभिलेखों में मेरा सही नाम महेश प्रसाद अंकित किया जाये। **महेश प्रसाद पुत्र स्व0 नन्दलाल निवासी ग्राम रमुवापुर, पो0 माधौगंज, तहसील बिलग्राम, जिला हरदोई, वर्तमान पता लक्ष्मी बिहार कालोनी, निकट गल्लामण्डी सरकुलर रोड, हरदोई।**

# पंडित जी का टकराव, ब्राह्मण वोटों पर दांव


## कांग्रेस और भाजपा के ब्राह्मण प्रत्याशियों के कारण रोचक हुआ लोकसभा चुनाव का मुकाबला

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कानपुर लोकसभा सीट पर कांग्रेस और भाजपा दोनों ही दलों ने ब्राह्मण प्रत्याशी उतारकर मुकाबला रोचक बना दिया है । कांग्रेस की रणनीति जहां सपा से गठबंधन के बूते मुस्लिम वोट एकतरफा झटक कर ब्राह्मण वोटों में सेंधमारी करते हुए अपने और सपा के परंपरागत मतों के सहारे भाजपा का विजय रथ रोकने की है। वहीं राम मंदिर और मोदी के गारंटी रथ पर सवार भाजपा वर्ष 2019 के चुनाव में मिली डेढ़ लाख से अधिक की बढ़त को इस बार दो लाख में बदलने की व्यूह रचना कर रही है।

राजनीति के जानकार मान रहे हैं कि लंबे समय के बाद कांग्रेस ने ब्राह्मण प्रत्याशी के रूप मे आलोक मिश्रा को टिकट देकर भाजपा को चुनौती दी है।

कानपुर लोकसभा सीट पर लगभग 17 फीसदी ब्राह्मण, 18 फीसदी मुस्लिम, छह फीसदी क्षत्रिय, 11 फीसदी वैश्य, 10 फीसदी सिंधी और पंजाबी मतदाता हैं। पिछले लोकसभा चुनाव में जीते भाजपा के निवर्तमान सांसद सत्यदेव पचौरी को 55.63 प्रतिशत तथा कांग्रेस से चुनाव लड़े श्रीप्रकाश जायसवाल को 37.14 प्रतिशत मत मिले थे। इसमें उल्लेखनीय तथ्य यह था कि भाजपा के मत प्रतिशत में 2014 के मुकाबले 1.22 मतों की गिरावट आयी थी, जबकि कांग्रेस का मत प्रतिशत लगभग सात प्रतिशत तक बढ़ गया था। सपा- बसपा गठबंधन के प्रत्याशी राम कुमार को करीब पौने चार फीसदी मतों की गिरावट के साथ 5.73 फीसदी मत मिले थे। तब यह माना गया था कि बसपा के ज्यादातर वोट सपा प्रत्याशी को शिफ़्ट नहीं हुए थे। इस मर्तबा बसपा ने कानपुर सीट पर कुलदीप भदौरिया को टिकट देकर अपने परंपरागत मतों को छिटकने से बचाने के साथ सवर्ण मतों में कुछ हिस्सा बांटने की सोशल इंजीनियरिंग की है। चुनौती को भांपते हुए भाजपा का पूरा फोकस ब्राह्मण बहुल गोविंदनगर और किदवईनगर सीटों पर है। इसके अलावा सपा के कब्जे वाली लोकसभा क्षेत्र की बची तीन सीटों आर्य नगर, सीसामऊ और कैंट में वैश्य, दलित और ओबीसी वोटर पर जोर लगाना है।



- लोकसभा क्षेत्र की पांच में तीन विधानसभा सीटों पर सपा का कब्जा भी बढ़ा रहा चिंता
- किदवई नगर, गोविंद नगर विधानसभा सीटें ब्राह्मण बाहुल्य गठबंधन सेंधमारी को तैयार

### मंदिर आंदोलन में जुड़े ब्राह्मण मोदी लहर में हुए भाजपाई

- भाजपा कानपुर सीट पर ब्राह्मण प्रत्याशी की अहमियत से भलीभांति वाकिफ है। ब्राह्मण प्रत्याशियों का बोलबाला इसी बात से समझा जा सकता है कि अब तक भाजपा और अन्य पार्टियों से नौ ब्राह्मण चुनाव मैदान में उतरे चुके हैं। भाजपा के ब्राह्मण प्रत्याशी जगतवीर सिंह द्रोण तीन बार 1991, 1996 और 1998 में यहां से सांसद रह चुके हैं। 2014 में डॉ. मुरली मनोहर जोशी और 2019 में सत्यदेव पचौरी ने ब्राह्मण प्रत्याशी के रूप में पार्टी को जीत दिलाई थी। मंदिर आंदोलन में जुड़े ब्राह्मण मोदी लहर में भाजपाई हुए हैं।

### विधानसभा की गणित भी ब्राह्मण वोटों पर टिकी

- लोकसभा क्षेत्र में किदवई नगर व गोविंद नगर विधानसभा सीटों पर भाजपा का कब्जा है, इन्हीं दोनों सीटों पर ब्राह्मण मतदाता सबसे अधिक हैं। ऐसे में अगर इन दोनों विधानसभा क्षेत्रों के ब्राह्मण मतदाताओं में सेंध लगी तो भाजपा के लिए चिंता हो सकती है। कांग्रेस –सपा गठबंधन की रणनीति है कि आलोक ब्राह्मण वोटों में सेंध लगाएंगे और सपा मुस्लिम वोटबैंक को लामबंद करेगी।

## 'आम' ने बना दिया भइया को खास



तीरंदाज

इनकी 'आम' पार्टी कानपुर से लेकर दिल्ली तक बहुत चर्चित रहती है। हर किस्म का आम पंडितजी की पार्टी में मेहमानों के लिए उपलब्ध रहता है। हरसाल होने वाली पंडित जी की पार्टी में दशहरी, लंगड़ा, तोतापरी, चौसा, फजली, बम्बइया ग्रीन, अलफ्रांजो, बैगनपल्ली, हिमसागर, केशर, किशनभोग, मालगोवा, नीलम, सुवर्णरेखा, वनराज, जरदालू और तो और इनसे भी नई किस्मों में मल्लिका, आम्रपाली, अर्का अरुण, अर्मापुनीत, अर्का अनमोल, दशहरी–51 तक उपलब्ध रहते हैं। यही नहीं उनके खासुलखास बताते हैं कि आमों के नाम भी उन्हें रटे हैं। खासकर वो आम की किस्में जो अफसरों और प्रभावशाली नेताओं को पसंद हैं। उनको अंदाजा था कि यही आम उनको एक दिन खास बनाकर छोड़ेगा। सो मौका तो आ गया। पंडित जी वो भी कान्यकुब्ज और मुकाबले में एक और कान्यकुब्ज। अब तो नुक्कड़ों में बैठकबाज यह जुमला छोड़ ही देते हैं कि अरे ओ सांभा, अब आएगा मजा लड़ाई का।

### गुरु को गुड़ दिखाकर ढेला मार दिया

कोई कोर कसर नहीं छोड़ी। उम्मीद और आश्वासन दोनों ही हों तो जीजान से जुट जाना चाहिए। तो नामीगिरामी पंडित जी ने उम्र की परवाह न करते हुए दावेदारी की। बड़े नेता बताते हैं कि उनका नाम सूबे से नंबर वन पर नाम भेजा गया। उम्रदराज होने के बाद भी दस–दस सीढ़ियां एक झटके में चढ़ जाते हैं। यह बात उन्होंने ऊपर के नेताओं को भी कही कि न उम्र की सीमा है, न धन का है बंधन। अपने बूते सीट निकालकर पार्टी की झोली में डाल देंगे। और सबसे ज्यादा चौंकाने वाली बात तो यही है कि उनके धुर विरोधी भी उनकी दावेदारी का विरोध नहीं कर रहे थे। वह अपनी अलग ही गोटे फिट करने में जुटे थे। राजा ने दो बार गोला बनाकर लिस्ट संसदीय बोर्ड को लौटा दी। तब थोड़ा माथा ठनका कहीं गुरु पर काम तो नहीं लगाया जा रहा है और वही हुआ। लिखवा भी लिया गया। सुना गुरु को यह बात साल रही है कि पहले ही संकेत कर देते तो कवायद न करते। दूसरी बात यह साल रही थी कि प्रत्याशी तय करते समय सलाह तो ले लेते। दोनों ही बातें नही हुईं। वही वाली मिसाल कि गुड़ दिखाकर ढेला मार दिया।

### हम-हम हम्मन, बाप-पूत झम्मन

एक जोड़ा नेताजी। हर जगह अपनी–अपनी राजनीतिक छौंक लगाने पहुंच जाते हैं। बिन मांगी सलाह और काबिलियत का दावा करते हुए कुछ भी कहने से नहीं चूकते हैं। गणित ऐसी बैठा देते हैं कि बड़े–बड़े गणितज्ञ फेल हो जाएं। मानों तो ठीक न मानों तो भी ठीक। पर ये जोगा–भोगा की जोड़ी राजनीतिक अड्डों या पार्टी दफ्तर पर दिख जाती है। उन्हें देखकर कनपुरिया नेता पर मुंह उठाकर (मसाला भरे थे) कहने लगे इनके लिए वही कहावत है कि हम–हम (मसाला चूकर दाढ़ी तक आ गया) फिर बाहर जाकर थूककर बोलेहम–हम हम्मन, बाप–पूत झम्मन।

# रमेश अवस्थी का आज स्वागत

आगाज

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कानपुर के भाजपा प्रत्याशी रमेश अवस्थी का बुधवार को सेंट्रल स्टेशन पर भव्य स्वागत किया जायेगा। वह दिल्ली से शताब्दी एक्सप्रेस से सुबह 11 बजे कानपुर पहुंचेंगे। यहां से कार्यकर्ताओं के साथ वाहन जुलूस के रूप में घंटाघर स्थित गणेश मंदिर जाकर दर्शन करेंगे। इसके बाद वह परमट स्थित आनंदेश्वर मंदिर में पूजन अर्चना करेंगे। नवीन मार्केट पार्टी कार्यालय पहुंच कर कार्यकर्ताओं को संबोधित भी करेंगे।

भाजपा प्रत्याशी रमेश अवस्थी के प्रथम आगमन पर भाजपा ताकत दिखाने को तैयार है। इसको लेकर मंगलवार को केशव नगर स्थित कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्रीय कार्यालय में क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने स्वागत को ऐतिहासिक बनाने के लिए उत्तर एवं दक्षिण जिले के कार्यकर्ताओं, जिला पदाधिकारी, लोकसभा चुनाव संचालन समिति, विधानसभा चुनाव संचालन समितियां के सदस्यों, मंडल अध्यक्षों एवं मोर्चा अध्यक्षों के साथ बैठक की। इस दौरान स्वागत की तैयारी के बारे में चर्चा कर योजना तैयार की। स्वागत में महापौर, मंत्री, विधायक, विधान परिषद सदस्य, जिला पंचायत अध्यक्ष, जिला पंचायत सदस्य, ब्लॉक प्रमुख, पार्षद के अलावा प्रदेश, क्षेत्र, जिला, मंडल पदाधिकारी, पूर्व मंत्री, पूर्व विधायक, एवं बूथ तक के कार्यकर्ताओं एवं भाजपा के युवा मोर्चा, महिला मोर्चा, किसान मोर्चा, पिछड़ा मोर्चा, अल्पसंख्यक मोर्चा को जिम्मेदारी दी गई है। प्रकाश पाल ने कहा कि रमेश अवस्थी को पिछली बार से भी अधिक मतों से जिताना है। राम बहादुर यादव मणिकांत जैन, कौशल किशोर दीक्षित, पूनम द्विवेदी, शिवराम सिंह दीपू पांडे, अनूप अवस्थी, मनीष त्रिपाठी मौजूद रहे।



बैठक को संबोधित करते प्रकाश पाल।

# आंतरिक विरोध भी बना सत्यदेव पचौरी को टिकट मिलने में बाधा

झटका

अभिषेक वर्मा, कानपुर



रमेश अवस्थी।



सत्यदेव पचौरी।

- शहर के दो बड़े चेहरों से पचौरी का सार्वजनिक विरोध जगजाहिर
- आरएसएस और सुनील बंसल से नजदीकी रमेश अवस्थी के आई काम

**अमृत विचार।** टिकट के लिए 22 दिनों तक दिल्ली में डटे रहने वाले निवर्तमान सांसद सत्यदेव पचौरी की बढ़ती उम्र के साथ पार्टी के नेताओं से आंतरिक विरोध भी टिकट कटने का कारण बना। शहर के दो बड़े चेहरों से सार्वजनिक विरोध के चलते पार्टी नेतृत्व ने नये चेहरे को तरजीह दी। रमेश अवस्थी के लिए आरएसएस पदाधिकारियों और सुनील बंसल से नजदीकी काम आई। कई बड़े नेताओं का तो यह तक कहना है कि संघ के पदाधिकारियों की रुचि के चलते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रमेश अवस्थी के नाम पर आखिरी मुहर लगाई। रमेश अवस्थी पहली बार चुनाव लड़ने जा रहे हैं। बुधवार से उनका चुनाव शहर में एक्टिव मोड पर दिखेगा।

कानपुर लोकसभा सीट से सत्यदेव पचौरी के साथ ही बहुत से बड़े नेता टिकट की दावेदारी कर रहे थे। लेकिन, इनके बीच के आपसी विवादों के चलते पार्टी ने नए चेहरे को टिकट देकर मैदान में उतारा है। सत्यदेव पचौरी का विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना और महापौर प्रमिला पांडेय से मन-मुटाव तो सार्वजनिक है। इसका फायदा रमेश अवस्थी को मिला। कानपुर से चुनाव लड़ने की रेस में सबसे आगे पूर्व डिप्टी सीएम डॉ. दिनेश शर्मा, इसके बाद सत्यदेव पचौरी की बेटी नीतू सिंह के साथ ही तीसरे नंबर पर लोक गायिका मालिनी अवस्थी थीं। कानपुर की सीट ब्राह्मण बाहुल्य है इसलिये यह तो तय था कि यहां से टिकट किसी ब्राह्मण को दी जायेगी। इस लिहाज से डॉ. दिनेश शर्मा और मालिनी अवस्थी प्रबल दावेदार थीं। वहीं, नीतू सिंह के नाम पर आखिर में विचार संभव था।

### टिकट रुका तो दावेदारों की आई थी बाढ़

- कानपुर–बुंदेलखंड क्षेत्र के 10 में से नौ सांसदों को दोबारा टिकट देने और सिर्फ कानपुर की टिकट को रोककर नेतृत्व ने पहले ही संकेत कर दिया था कि कानपुर सीट बदलना तय है। घोषणा रुकने के बाद यहां से दावेदारों की संख्या भी अचानक बढ़ गई। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना, विधायक सुरेन्द्र मैथानी, महेश त्रिवेदी, विधान परिषद सदस्य अरुण पाठक के नाम भी चर्चा में आ गये। यह सभी नाम दिल्ली कूच करने लगे। केंद्रीय नेतृत्व ने सभी सिटिंग जनप्रतिनिधियों को तुरंत अपने क्षेत्रों में पहुंचने के निर्देश दिये तो यह कयास थम गई।

### दो घंटे पहले पचौरी के इन्कार का पत्र हुआ था वायरल

- रविवार रात रमेश अवस्थी के नाम की लिस्ट आई। इससे दो घंटे पहले शाम करीब 7 बजे सांसद सत्यदेव पचौरी ने खुद न लड़ने का पत्र जारी किया था। इस पत्र के आने के बाद से ही तय हो गया था कि अब भाजपा को नया कंडीडेट मिलने वाला था। रात 9.15 बजे भाजपा ने कानपुर की सीट से रमेश अवस्थी को अपना प्रत्याशी बना दिया। इससे यह तय हो गया कि सत्यदेव पचौरी के पीछे हटने से पहले ही पर्दे के पीछे सब तय हो गया था और नेतृत्व के कहने पर ही पचौरी ने चुनाव न लड़ने का पत्र जारी किया था। ताकि विरोध की स्थिति पैदा न हो सके।

## एक नजर

### हाथ में अधिया लिए युवक का वीडियो वायरल

**कानपुर।** महाराजपुर थाना क्षेत्र में एक युवक हाथ में बड़ा तमंचा (अधिया) लेकर लहराते नजर आया। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो 14 सेकेंड का है। वीडियो में उसके साथ खड़े अन्य युवक कैमरे की तरफ देखकर तमाचा दिखा रहे हैं। वीडियो सैमसी झील महाराजपुर का बताया जा रहा है। वीडियो के बैकग्राउंड में गाना बज रहा है जिसके बोल हैं बदमाशी की कोई उम्र नहीं एनकाउंटर या गैंगवार। एडिशनल सीपी हरीश चन्दर ने बताया कि वीडियो संज्ञान में है इसकी जांच कराई जा रही है कि यह कितना पुराना है।

### एक बाइक पर तीन दरोगा वीडियो वायरल

**कानपुर।** महाराजपुर से एक वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। जिसमे एक बाइक पर तीन दरोगा पी कैप लगाकर सवार हैं। खतरा मोल लेकर यह हाईवे पर सफर कर रहे हैं। तीनों दरोगाओं का वीडियो पीछे से आ रहे शख्स ने बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। एडीशनल सीपी हरीश चन्दर के अनुसार तीनों दरोगाओं का पता लगाने के साथ ही उनका चालान किया जाएगा।

### सड़क पर पड़ा मिला युवक

**कानपुर।** बिठूर थाना क्षेत्र में मेट्रो पिलर नंबर 36 के सामने जीटी रोड पर एक युवक पड़ा हुआ था जिसकी मुंह से झाग निकल रहा था, उसकी जेब से उसका पहचान पत्र मिला, उसमें उसका नाम सेख नोशाद निवासी जसोला विलेज चौहान मोहल्ला दक्षिणी दिल्ली है।

# कांग्रेस–सपा का जनसंपर्क शुरू भाजपा भी दम दिखाने को तैयार

पार्टियों की रणनीति

विशेष संवाददाता, अमृत विचार

**कानपुर।** कानपुर लोकसभा क्षेत्र में प्रत्याशियों की घोषणा के बाद जनसंपर्क शुरू हो गया है। कांग्रेस-सपा गठबंधन प्रत्याशी आलोक मिश्रा और उनके समर्थक दोहरी रणनीति पर काम कर रहे हैं। जहां एक ओर सघन संपर्क के तहत लोगों के घरों पर जाकर मिलने का काम जोरों पर है तो दूसरी तरफ बूथस्तर की तैयारियों का काम लगभग पूरा हो गया है। भाजपा ने प्रत्याशी रमेश अवस्थी का बुधवार को स्टेशन पर पूरी दमखम के साथ स्वागत करके लोगों के बीच भारी जनसमर्थन दिखाने की तैयारी की है। पार्टी ने जिला, मंडल, बूथ व पन्ना प्रमुख तक तैयारी पूरी कर ली है। कार्यकर्ताओं को यह घुट्टी पिलायी जा रही है कि पार्टी नेतृत्व का काम है प्रत्याशी देना और संगठन का काम उसे जिताकर लोकसभा भेजना है। भाजपा के उत्तर, दक्षिण और क्षेत्रीय कार्यालय में दिनभर संगठन धर्म निर्वहन का मंत्र पढ़ाया जाता रहा।

**कांग्रेस में चल रही ब्राह्मणवाद की दुहाई:** तिलकहाल में चहल-पहल थोड़ा बढ़ गयी है। प्रत्याशी के पक्ष में अंडर-करंट का नैरेटिव सेट करने में समझदार नेता जुटे हैं। ब्राह्मणवाद की दुहाई देते हुए कहा जा रहा है कि कांग्रेस ने 1998 के बाद अब कहीं जाकर कान्यकुब्ज ब्राह्मण प्रत्याशी दिया है। 1984 में दादा नरेशचंद चतुर्वेदी कांग्रेस की टिकट पर सांसद चुने गए थे। उसके बाद 1991 में रामनारायण पाठक, 1996 में भूधरनारायण मिश्रा को टिकट मिला था पर वह हार गए थे। फिर 1998, 99, 2004, 2009 में श्रीप्रकाश जायसवाल लड़े और तीन बार सांसद निर्वाचित हुए। भाजपा ने 2014 व 2019 में मुरली मनोहनर जोशी, सत्यदेव पचौरी (दोनों ब्राह्मण) को टिकट दिया वे जीते भी। इन चुनाव में जायसवाल ही प्रत्याशी थे। वह पांच बार प्रत्याशी रहे। पार्टी के शहर उपाध्यक्ष शंकरदत्त मिश्रा कहते हैं कि अबकी कांग्रेस ने कानपुर निवासी ब्राह्मण प्रत्याशी दिया है। दावा है कि ब्राह्मण वोट कांग्रेस को भी मिलेगा। पार्टी का अल्पसंख्यक वोटों पर भी जोर है। समाजवादी पार्टी साझे प्रत्याशी को जिताने की अलग रणनीति बनाकर चल रही है। नगर अध्यक्ष फजल महमूद का कहना है कि पीडीए का फार्मूला उनकी जीत आधार होगा।

**बसपा प्रत्याशी काडर से संपर्क साध रहे:** पार्टी प्रत्याशी कुलदीप भदौरिया ने मीटिंगों का दौर शुरू कर दिया है। वह बसपा के पदाधिकारियों और काडर से संपर्क साध रहे हैं।

### भाजपा का संगठित हिंदुत्व की मजबूती का संदेश

- भाजपा–प्रत्याशी रमेश अवस्थी के जोरदार स्वागत से पार्टी ने चुनाव प्रचार शुरू करने का निर्णय लिया है। अवस्थी कार्यालय में कदम रखने से पहले घंटाघर गणेश मंदिर दर्शन करेंगे फिर रास्ते के सभी प्रमुख मंदिरों में जाएंगे। संगठित हिंदुत्व की मजबूती का संदेश देते हुए वह जुलूस के साथ चलेंगे। जय श्रीराम के नारे गूंजते रहेंगे। भाजपा ने सांगठनिक मजबूती तैयार कर ली है। सोशल मीडिया प्लेटफार्म को भी दुरुस्त कर दिया है। कानपुर लोकसभा क्षेत्र में आने वाले सभी करीब 1660 बूथों का नेटवर्क तैयार कर लिया गया है। मंडल अध्यक्षों की जिम्मेदारी काफी बढ़ गयी है। स्वागत सत्कार में भीड़ जुटाने से लेकर पोलिंग बूथों तक मतदाताओं को ले जाकर पार्टी के पक्ष में वोट डलवाने का काम भी मंडल स्तर के संगठन पर है। इनकी निगरानी को भी वरिष्ठ नेताओं को नियुक्त किया जा चुका है। भाजपा ने सबसे बड़ा काम लाभार्थी वोट बैंक से सघन संपर्क का शुरू किया है। मुफ्त करोना वैक्सीन लगवाने वाले को भी भाजपा लाभार्थी मानती है।

शांति पाठ



अत्यंत दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि
हमारी पूज्यनीय भाभी जी
श्री मती मिथलेश कुमारी पत्नी गोलोकवासी शेष नारायण कटियार
का स्वर्गवास 23/03/2024 दिन शनिवार को हो गया था।

आप से विनम्र अनुरोध है कि कृपया शांति पाठ
में सम्मिलित हो कर दिवंगत आत्मा को शान्ति प्रदान करने की परमात्मा से प्रार्थना करें।

दिनांक : 27/03/2024 बुधवार
समय : अपराह्न 11 बजे
स्थल: ग्राम -बैरी ,पोस्ट शिवराजपुर, जिला कानपुर (नगर) ,209205

" शोकाकुल परिजन "
- कैलाश नारायण कटियार (प्रबंधक - राम सहाय इंटर कॉलेज बैरी) (देवर)
- निर्मला कटियार (अध्यक्ष - नगर पंचायत शिवराजपुर ) (देवरानी)
- प्रवीन कटियार (नीलू) (पुत्र)
- साधना कटियार (पुत्र बधू)
- सरला कटियार (देवरानी)
- राजीव कटियार - मनोज कुमारी (भतीजे - भतीज बहू)
- विकास कटियार (निर्मित) - साधना कटियार , राहुल कटियार - अर्चना कटियार (भतीजे - भतीज बहू)
- रीता वर्मा, ज्योतिष्ना सचान, मनीषा सचान (पुत्री)
- गीता वर्मा , पारुल सिंह (भतीजी)
- ब्रजेश सचान, जितेंद्र सचान, विकास सिंह (दामाद)
- अंकित, आयुष, आकाश, प्रांचल, अरिन, शाश्वत, अनय व अनंत (पौत्र)
- स्वाती, शालिनी, हिना, प्राची, मुस्कान, मानवी व आस्था (पौत्री)
- धर्मेंद्र सिंह, विनय कटियार (पौत्र -दामाद)

जीवन के इतने उतार-चढ़ाव साथ देखने के बाद, आज आपको अलविदा कहना पड़ रहा है। आशा करते हैं कि आप जहाँ भी रहो, खुश रहो। आपकी यादें हमेशा हमारे साथ रहेंगी और हम सब पर आपका प्यार यूँही बना रहेगा।

पूज्य माता जी के आशीर्वाद से हमारे प्रतिष्ठान

मेसर्स बाबा बर्फानी कोल्ड स्टोरेज
मेसर्स बाबा भूतेश्वर कोल्ड स्टोरेज
न्यू नारायण ट्रैक्टर्स शिवराजपुर
न्यू नारायण ट्रैक्टर्स बिल्हौर
नारायण कृषि फार्म मुड़ेरी

होलिकोत्सव | श्री ओमर वैश्य नवयुवक संघ ने हास–परिहास सम्मेलन किया

# ...वरना कनपुरिये थूक के धरती कर देंगे लाल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** होलिकोत्सव पर श्री ओमर वैश्य नवयुवक संघ ने 76वां हास परिहास सम्मेलन ज्ञान भारती बालिका इंटर कॉलेज में आयोजित किया। विशिष्ट अतिथि उत्तर प्रदेश व्यापार मंडल के अध्यक्ष मुकुंद स्वरूप मिश्र और कार्यक्रम के प्रायोजक मयूर ग्रुप के निदेशक सुरेश प्रसाद गुप्त ने दीप प्रज्वलन किया। वहीं, मयूर ग्रुप के संस्थापक स्वर्गीय तपेश्वरी प्रसाद गुप्त के चित्र पर माल्यार्पण किया। अलंकरण व स्वागत के बाद हास्य कवि सम्मेलन की शुरुआत कवियत्री प्रियंका शुक्ला (उन्नाव) ने होली गीत से किया। प्रथम कवि के रूप में बाराबंकी के प्रमोद पंकज ने हास्य व व्यंग्य का संचार किया। कानपुर के नवोदित कवि अंशुमन दीक्षित ने "संभालो इनको नहीं हम बवाल कर देंगे.., बंद करा दो यह गुटखा मोदी जी वरना हम कनपुरिया थूक-थूक कर धरती लाल कर देंगे। सतना के रविशंकर चतुर्वेदी समेत अन्य कवियों ने हास्य व व्यंग्य का संचार कर श्रोताओं को खूब हंसाया। इस दौरान संघ के पदाधिकारी सर्व नीरज गुप्त, राजेंद्र (क्लिपको), राकेश कुमार, राजेंद्र गुप्त (गन फैक्ट्री) गोपी ओमर, दीपक, संत कुमार ओमर, संस्था का प्रतिवेदन मंत्री पंकज कुमार गुप्त, रघुवंश गुप्त, ऋषि ओमर, एमएलसी सलिल विश्नोई, वैश्य महासभा के अध्यक्ष अजय गुप्ता, विद्यालय कमेटी के मंत्री डॉ. श्याम बाबू गुप्त, जनरल मैनेजर धर्म प्रकाश गुप्त, क्षेत्रीय पार्षद अमित गुप्त, उत्तर प्रदेश बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष संतोष गुप्त आदि मौजूद रहे।



कवियों के साथ एमएलसी सलिल विश्नोई का सम्मान हुआ। अमृत विचार

# होली पर सुबह से ही जमकर उड़ा अबीर-गुलाल

## बच्चों और युवाओं में दिखा त्योहार का जबरदस्त उल्लास, बुजुर्गों ने भी गिले-शिकवे भुला एक दूसरे को लगाया गुलाल

होली का खुमार

संवाददाता, चौबेपुर

**अमृत विचार।** क्षेत्र में होली का पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया। इस मौके पर जगह-जगह युवाओं व बच्चों की टोलियां एक दूसरे को रंग से सराबोर करती नजर आईं। कई स्थानों पर आयोजित संगीत कार्यक्रमों मे डीजे की धुनों पर लोग जमकर थिरके। त्योहार पर कोई अप्रिय घटना न हो,इसके लिए पुलिस प्रशासन ने पूरी तरह से चौकसी बरती।

सोमवार सुबह से ही छोटे-छोटे बच्चे हाथों में पिचकारी लिए एक दूसरे को रंग से भिगोते नजर आए। वहीं युवा वर्ग में भी होली की जबरदस्त उमंग दिखाई दी। टोलियां बनाकर गांवों में गली-गली घूम रहे युवाओं ने एक दूसरे पर जमकर रंगों की बौछार की। कई स्थानों पर संगीत कार्यक्रम भी आयोजित हुए, जहां डीजे के धुन पर लोग जमकर थिरके। वहीं बुजुर्गों ने सारे गिले-शिकवे भुलाकर एक दूसरे को गले लगाया और अबीर गुलाल लगा होली की शुभकामनाएं दीं।

कई जगहों पर ठंडाई व मिष्ठान का वितरण किया गया। प्रभारी निरीक्षक रवींद्र श्रीवास्तव ने बताया कि क्षेत्र में होली का त्योहार शांति व सौहार्दपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद रही।



होली की मस्ती में डूबी टोली। अमृत विचार



कपड़ा फाड़ होली खेलते युवा। अमृत विचार



एक-दूसरे को गुलाल लगातीं महिलाएं। अमृत विचार



होली का हुड़दंग, हर चेहरा हुआ लाल-नीला। अमृत विचार

### जमकर थिरके युवा, एक दूसरे को खूब लगाया रंग

**शिवराजपुर।** होली का पर्व क्षेत्र में हर्षल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर बच्चों ने पिचकारी से रंगों की वर्षा के साथ ही युवाओं टोलिया बनाकर जमकर रंग खेला। साथ ही कई गांव में होली संगीत के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। लोगों ने एक-दूसरे गले मिलकर होली की बधाई दी। रंगों के त्योहार होली पर कोई अप्रिय घटना न हो इसके लिए लगातार पुलिस गश्त करती रही। गांव में चौकीदारों को हिदायत दी गई की कोई भी घटना हो तो तुरंत सूचना दें। होली के पर्व पर बच्चों ने पिचकारी से रास्ते से निकल आए लोगों के ऊपर रंग की वर्षा की। इस मौके पर युवाओं ने टोली बनाकर अपने दोस्तों के घर जा जाकर रंगों के त्योहार होली का लुफ्त उठाया। कई गांव में डीजे भी लगाए गए और होली गीतों पर युवा जमकर थिरके। शाम होते कई गांव में संगीत कार्यक्रम का आयोजन किया गया और पूरा गांव ने एकजुट होकर संगीत कार्यक्रम में भाग लिया। एक दूसरे को गले मिलकर बधाई दी। युवाओं की टोलियों को देख तो कई बार बच्चे भागते दिखे। एसओ सुबोध कुमार ने बताया होली शांति से संपन्न हो गई।

### जनप्रतिनिधियों और अफसरों ने रंग में सराबोर होकर खेली होली

**बिल्हौर।** सोमवार को बिल्हौर तहसील क्षेत्र के सभी गांव में डीजे की धुन पर रंगों में सराबोर होकर जमकर होली खेली। आम जनमानस के साथ तमाम जनप्रतिनिधियों और अफसरों ने भी होली का त्योहार मनाया। तहसील प्रशासन के कई शीर्ष अधिकारियों ने जिले के अधिकारियों के साथ मिलकर कलक्ट्रेट में होली खेली। जबकि क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों ने अपने-अपने पैतृक गांव में जाकर लोगों के बीच होली खेली। इस बीच कस्बा ककवन में वर्षों की भांति इस वर्ष भी मंगलवार को जमकर होली खेली गई। लोगों ने हर्षोल्लास से होली का त्योहार मनाया। हर तरफ होली खेलें रघुवीरा अवध में होली खेलें रघुवीरा। इसके साथ ही अन्य गाने पर भी लोग नाचते रहे। थाना प्रभारी ककवन अभिलाष कुमार मिश्रा के नेतृत्व में डीजे लगाकर पानी की बौछार और रंगों के बीच नाच गाना के साथ होली मनाई गई।

# सजेती में युवक ने पेड़ पर रस्सी से लगाई फांसी

संवाददाता,सजेती

- मौके पर पहुंची पुलिस ने फॉरेंसिक टीम बुलाकर कराई जांच-पड़ताल
- सजेती थाना क्षेत्र के गौरी गांव का मामला, परिजनों का रो-रो कर रहा बुरा हाल

**अमृत विचार।** गौरी गांव के किनारे पेड़ पर युवक ने रस्सी के सहारे फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। ग्रामीणों ने युवक का शव पेड़ पर फांसी के फंदे से लटकता देखा तो फोनकर घटना की सूचना पुलिस और परिजनो को दी। जानकारी मिलते मौके पर पहुंची पुलिस ने फोरेंसिक टीम को बुलाकर घटनास्थल पर जांच पड़ताल कराने के साथ युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। घटना के बाद से परीजनो का रो रोकर बुरा हाल है।



सजेती थाना क्षेत्र के गौरी गांव निवासी 32 वर्षीय विमल कुमार मेहनत मजदूरी करके अपने परिवार का भरण पोषण करता था। मंगलवार दोपहर में युवक ने गांव के किनारे स्थित मंदिर के पास पेड़ में रस्सी के सहारे फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। ग्रामीणों ने युवक के शव को पेड़ पर फांसी के फंदे पर लटकता देखा तो फोनकर घटना की सूचना पुलिस और परिजनो को दी। जानकारी मिलते मौके पर पहुंची सजेती पुलिस ने घटना की जानकारी जुटाने के साथ फोरेंसिक टीम को बुलाकर घटनास्थल पर जांच पड़ताल कराई है। जिसके बाद सजेती पुलिस ने युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। फिलहाल युवक के फांसी लगाने का कारण स्पष्ट नही हो सका है। मौके पर पहुंचे परिजनो का रो रोकर बुरा हाल है। सजेती थाना प्रभारी ब्रजमोहन ने बताया कि युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। युवक के फांसी लगाने का करण स्पष्ट नही हो सका है। घटना की जांच पड़ताल की जा रही है।

### युवक ने की आत्महत्या

**बिल्हौर।** अरौल थाना क्षेत्र के गांव गुलाब पुर्वा मे सोमवार को एक युवक (24) ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। थाना प्रभारी अखिलेश कुमार पाल ने बताया कि रमेश का पुत्र शनि इन दिनों मे शराब का लती हो गया था। जिससे आए दिन वाद विवाद होता रहता था दो दिन पूर्व ही पत्नी को लेकर ससुराल गया था। वहां पर अधिक शराब पीने पर ससुरालीजनों ने शनि के पिता से शिकायत कर वापस भेज दिया था। मंगलवार दोपहर परिवारिकजनों के इधर-उधर जाने के बाद दुपट्टे से पंखे के कुण्डे से लटक कर फांसी लगा ली जिससे उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंचे थाना प्रभारी ने शव को पंचायत नामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। युवक का विवाह नौ माह पहले हुआ था। घटना का कारण पता नहीं चला।

# पत्नी की हत्या करने वाले को जेल

फालोअप

शिवराजपुर

- देर रात हत्या कर स्वयं थाने सूचना देने पहुंच गया था

**अमृत विचार।** रविवार को कस्बे के वार्ड नंबर 8 बर्राजपुर किराए के मकान में रह रहे प्राइवेट टीचर ने अपनी पत्नी की देर रात में हत्या कर स्वयं थाने सूचना देने पहुंच गया था। उसके बाद बिल्हौर एसीपी अजय त्रिवेदी व थाना पुलिस मौके पर पहुंच गए थे फॉरेंसिक टीम ने भी मौके पर पहुंच कर जांच की थी। मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया था। पोस्टमार्टम होने के बाद मृतका के मायके पक्ष के लोगों को उसका शव दे दिया गया था। मायके पक्ष द्वारा कादिर के खिलाफ हत्या करने की तहरीर दी गई थी मंगलवार को सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

मुस्करा हमीरपुरके मूल निवासी कादिर अहमद अपनी पत्नी फर जाना परवीन पुत्री मो. अखलाक मोहल्ला अहमदिया कादियान जिला गुरदासपुर पंजाब के साथ किराए के मकान में लगभग 2 वर्षों से रह रहे थे। वह क्षेत्र के एक गांव में प्राइवेट शिक्षक थे। रविवार को रात 11 बजे के लगभग कादिर ने अपनी पत्नी को गला दबाकर मार दिया था व कमरे का बाहर से ताला बंद कर थाने पहुंच कर अपना जुर्म कबूल किया था। पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंचकर घटना की पुष्टि के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया था। मंगलवार को उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया। इस मामले में थाना प्रभारी सुबोध कुमार ने बताया कि बच्चे न होने की वजह से पति-पत्नी में अक्सर झगड़ा होता था। झगड़े में मारपीट के बाद उसने अपनी पत्नी का गला दबा देने की बात कबूली थी।

## पुलिस ने पकड़ा जुआ 40 हजार बरामद

**बिल्हौर।** बिल्हौर कोतवाली क्षेत्र के कस्बा बिल्हौर मे प्रति वर्ष की भांति होली के दिन कई जगह जुए के फड़ लगे। पुलिस ने एक स्थान पर चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया। उनके पास लगभग 40 हजार नकद व अन्य समान के साथ बाईक भी बरामद की गई है। पुलिस ने विकास यादव कस्बा बिल्हौर, शिवम कटियार आशिक बाग, आलम सुभानपुर व शाहरूख इदरीशी बिल्हौर के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जेल भेज दिया है। पुलिसका कहना है कि जुआरियों पर आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी।

# लेदर फैक्ट्री में शार्ट-सर्किट से लगी आग, पाया काबू

**कानपुर।** दादा नगर में मंगलवार रात लेदर की फैक्ट्री में शार्ट-सर्किट से आग लग गई। फैक्ट्री से आग की लपटे निकलती देख दुकानदारों ने गोविंद नगर पुलिस व फायर ब्रिगेड कर्मियों को घटना की जानकारी दी। फजलगंज फायर स्टेशन की एक गाड़ी ने आग पर काबू पाया।

पनकी निवासी रवि शर्मा की दादा नगर स्थित होटल समृद्धि पैलेस के ग्राउंड फ्लोर में लेदर के जूते के सोल बनाने की फैक्ट्री है। मंगलवार रात फैक्ट्री में आचनक आग लग गई। फैक्ट्री में रखे लेदर लपटों की चपेट में आते ही आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। कुछ ही देर में फैक्ट्री धू-धूकर जलने लगी। फैक्ट्री से निकलती लपटे देख होटल संचालक ने मामले की जानकारी फैक्ट्री संचालक को दी। सूचना पर दादा नगर चौकी इंचार्ज अंकुर मलिक व फजलगंज स्टेशन से एक फायरब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंची। फायर ब्रिगेड कर्मियों ने करीब एक घंटे की मशक्कत से आग पर काबू पाया। सीएफओ दीपक शर्मा ने बताया कि प्रथम दृष्टया शार्ट सर्किट से आग लगने का कारण प्रतीत हो रहा है।

## सार-संक्षेप



आग लगने से जला ट्रैक्टर। अमृत विचार

### हाईटेंशन लाइन की चिंगारी से किसान की झोपड़ी फुंकी

**बिल्हौर।** बिल्हौर थाना क्षेत्र के सिहुरा दारा शिकोह गांव मे मंगलवार की सुबह गांव से गुजरी हाईटेंशन लाईन मे चिंगारी से किसान दयाशंकर वर्मा की झोपड़ी जल गई। जिसमें अन्दर खड़े ट्रैक्टर के अलावा कई लीटर डीजल व अन्य कृषि उपकरण भी जल गए। जैसे तैसे स्थानीय ग्रामीणों ने मौके पर मिट्टी व पानी से आग पर काबू पाया। सूचना मिलते ही थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची। वहीं तहसीलदार तिमराज सिंह ने बताया कि आग की सूचना मिलते है नायाब तहसीलदार सीपी राजपूत को मौके पर भेजा और नुकसान का स्थलीय जांच की है और शासन को रिपोर्ट भेजी जाएगी। बता दें कि हाईटेंशन लाईन की लापरवाही की शिकायत कई बार जिम्मेदार विभाग से की गई लेकिन कर्मचारियों ने ध्यान नहीं दिया। मामले मे एसडीओ अमर पाल चौहान ने बताया कि जानकारी हुई है लाइन को दुरूस्त कराया जाएगा।

### नशेबाजी को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट

**सरसौल।** महाराजपुर थाना क्षेत्र के भदासा गांव में मंगलवार रात दो पक्षों में जातीय संघर्ष हो गया जिसमे दो लोग घायल हो गए।मामला नशेबाजी को लेकर हुआ। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों के आधा दर्जन से ज्यादा लोगो को हिरासत में ले लिया। एसओ महाराजपुर सुरेंद्र कुमार सिंह ने बताया की गांव में यादव और साहू बिरादरी के लोगो के बीच नशेबाजी के बाद संघर्ष हुआ है जिसमे एक व्यक्ति घायल हुआ है।मामले की पड़ताल की जा रही है जो भी लोग दोषी होंगे उनपर कार्यवाही की जायेगी।

### चोरी की चार बाइकों समेत आरोपी गिरफ्तार

**मूसानगर।** पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान एक चोर को चोरी की चार बाइक, तमंचा व कारतूस समेत पकड़ा है। सोमवार को कानपुर नगर की सीमा बिबियापुर मोड़ पर पुलिस वाहन चेकिंग कर रही थी। तभी मूसानगर थाने के एसआई प्रभाकर यादव, एसआई मोहित वर्मा व बिंदा प्रसाद ने पुलिस टीम के साथ रंजीत दिवाकर निवासी तुर्कीमऊ को बिबियापुर मोड़ मुगल रोड पर धर दबोचा। उसके पास से चोरी की एक मोटर साइकिल, एक देशी तमंचा व दो कारतूस बरामद हुए। अभियुक्त की निशानदेही पर मूसानगर क्षेत्र के सनाया सालवान के जंगल से तीन और बाइकें बिना नंबर प्लेट के बरामद की गई। थाना प्रभारी दिनेश कुमार गौतम ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज की जा रही है।

# ट्रक ने बाइक सवार को मारी टक्कर, सफाई कर्मी घायल

**घाटमपुर।** परास मोड़ के पास तेज रफ्तार ट्रक बाइक सवार सफाई कर्मी को टक्कर मारते हुए भाग निकला। हादसे में बाइक सवार सफाईकर्मी गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने एंबुलेंस से घायल को घाटमपुर सीएचसी पहुंचाया जहां से प्राथमिक उपचार कर कानपुर के हैलट अस्पताल रेफर किया गया है।

घाटमपुर नगर के टीचर कालोनी निवासी 30 वर्षीय रवि नगर पालिका में सफाई कर्मी के पद पर कार्यरत है। मंगलवार सुबह वह बाइक से अपनी पत्नी को लेने बिंदकी ससुराल जा रहे थे, जैसे ही वह घाटमपुर थाना क्षेत्र के परास मोड़ के पास पहुंचे तभी तेज रफ्तार ट्रक बाइक सवार युवक को टक्कर मारते हुए मौके से भाग निकला। हादसे में बाइक सवार सफाई कर्मी गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने युवक को सड़क किनारे घायल अवस्था में पड़ा देखा तो फोनकर घटना की सूचना पुलिस को दी। जानकारी मिलते मौके पर पहुंची घाटमपुर पुलिस ने घायल को एंबुलेस से घाटमपुर सीएचसी पहुंचाया जहां डाक्टर ने कानपुर के हैलट अस्पताल रेफर कर दिया। घाटमपुर इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि घायल को अस्पताल पहुंचाया गया है। तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## लापता युवक का नाले में मिला शव

**कानपुर।** मूलरूप से घाटमपुर, उमरी गांव निवासी गार्ड मनोज तिवारी यशोदा नगर एस ब्लॉक रहते हैं। मनोज के मुताबिक उनके तीन बेटे सौरभ (40), गौरव व आकाश हैं। सौरभ की पत्नी शकुन व 16 वर्षीय बेटा अंश है। बताया कि सौरभ धरीपुरवा रामलीला मैदान के पास स्थित साइबर कैफे में काम करता था। रोजाना की तरह बीते 24 मार्च को सौरभ कैफे के लिए घर से निकला था। देर रात तक वापस न लौटने पर परिजनों ने दोस्तों, रिश्तेदारों से जानकारी की, लेकिन कोई पता नही चला। मंगलवार देर शाम सौरभ का शव नौबस्ता के राहुल पेट्रोल पंप के पास स्थित नाले में उतराता मिला।

# नशे में बोला तीन तलाक,निकाला

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- पति समेत अन्य ससुरालीजनों पर दर्ज की गई रिपोर्ट

**अमृत विचार।** बेकनगंज थानाक्षेत्र में दहेज की मांग न पूरी होने पर महिला ने ससुरालीजनों पर प्रताड़ना का आरोप लगाया है। महिला ने पति पर नशे में तीन तलाक बोलकर घर से निकाल देने का गंभीर आरोप लगाया। पीड़िता ने थाने में तहरीर देकर पति समेत अन्य पर रिपोर्ट दर्ज कराई है।

राजा मार्केट इफ्तिखाराबाद निवासी सहरिश एजाज का निकाह 15 नवंबर 2019 को एबी नगर उन्नाव निवासी शहाबुद्दीन उर्फ उरूज अहमद से हुआ था। सहरिश की दर्ज रिपोर्ट के अनुसार शादी में पिता ने 28 तोला सोना, एक किलो चांदी के जेवरात के अलावा एक सेवन सीटर कार,बाइक और एक स्कूटी दी थी। शादी में 60 लाख रुपये खर्च किए गए। ससुराल आने के बाद सहरिश को अतिरिक्त दहेज के लिए प्रताड़ित किया जाने लगा। उससे पति व अन्य ससुराल वालों ने दस लाख की मांग की। मारपीट की पंचायत बैठी और आठ अगस्त 2021 को पीड़िता के पिता ने दस लाख रुपये दिए। इससे पूर्व 21 अगस्त 2020 को सहरिश ने एक पुत्र को जन्म दिया। सहरिश के अनुसार दस लाख मिलने के बाद भी ससुराल वालों की प्रताड़ना कम नहीं हुई और अतिरिक्त पांच लाख की मांग करने लगे। मांग न पूरी होने पर शराब के नशे में पति ने 11 दिसंबर 2023 को तीन तलाक बोलकर बेटे और सहरिश को घर से बाहर निकाल दिया। उसने बेकनगंज थाने में शिकायत दर्ज कराई मगर नहीं सुनी गई। तब पुलिस कमिश्नर के यहां पेश हुई। इस संबंध में इंस्पेक्टर बेकनगंज पंकज कुमार त्यागी ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर पति शहाबुद्दीन, ससुर मुबीन अहमद, सास बहार, जेठ तस्कीन, ननदें शगुफ्ता, शाईस्ता और सना के खिलाफ प्रताड़ना, मारपीट, जान से मारने की धमकी देना, दहेज प्रतिषेध अधिनियम की धारा 3 व 4 और मुस्लिम महिला (विवाह पर अधिकारों की सुरक्षा) अधिनियम की धारा चार में एफआईआर दर्ज की गई है।

खेती-किसानी

धान, गेहूं से अतिरिक्त धनिया की फसल उगाकर लाखों रुपये कमा रहे किसान

# धनिया की महक से सुगंधित हो रहे ककवन के किसान

अभय प्रताप सिंह, बिल्हौर

**अमृत विचार।** यूं तो ककवन को कानपुर नगर का सबसे पिछड़ा इलाका कहा जाता है लेकिन अब वह दिन दूर नहीं जब ककवन क्षेत्र के लोग भी अपने आप आधुनिक किसानों की श्रेणी मे रख कर आंक सकेगें। कभी ककवन इलाके को महज धान व गेहूं का इलाका कहा जाता था लेकिन ककवन कस्बे के कई किसानों मे अपनी परंपरा तोड़ते हुए है अब लीक से हटकर धनिया की फसल उगाना शुरू कर दिया है जिससे अब चंद वर्षों मे किसान आर्थिक आय मे सुधार होता दिखायी देने लगेगा।

ककवन कस्बे मे इन दिनों गेहूं की फसल ना कर धनिया की फसल मे जोर अजमाइश हो रही है। नतीजन ककवन कस्बे के साथ कस्सापुरवा, कोठीपुरवा, नैनपुरवा, भवन निवादा , मनांवा, कसिंगवा , कुरेह, घंसीनिवादा, फत्तेपुर, अहमदपुर नदीहा, गढ़ेवा समेत करीब दर्जन भर के गांव के किसान अपनी किस्मत धनिया की फसल में अजमा रहे है। जिससे अब परिणाम भी जल्द सामने नजर आएंगे जब गेहूं से कई गुना ज्यादा कीमत पर किसानों को फायदा होगा। ककवन कस्बा समेत अन्य गांव मे सैकड़ो बीघे धनिया की फसल बोई गई है और जो ककवन के किसानों को लाभ दायक भी है। गेहूं के सापेक्ष अत्याधिक पैदावार होने के चलते किसानों को दोगुना लाभ भी हो रहा है जिससे किसानों को गेहूं से मोहभंग होकर धनिया के प्रति आकर्षण बढ़ रहा है।



खेत में लहलहा रही धनिया की फसल। अमृत विचार

### अन्ना मवेशियों से मिली राहत

बढ़ा क्षेत्र होने के बाद भी ककवन के आसपास बृहद गौशाला की मांग कई दिनों से स्थानीय लोग कर रहे लेकिन प्रशासन के ढुलमुल रवैये के चलते योजना डिब्बा बंद है। जिससे किसान को अपनी फसल बचाने के लिए चाहे पूस की रात हो या चैत्र के उसको रात खुले मे ही बिताना पड़ता है इसलिए किसानों ने धनिया को चुना। जो अन्ना मवेशी अन्य फसलों के सापेक्ष कम खाते है। ऐसे मे उनको भी अब फसल रखवाली से मुक्ति मिल रही है।

### उत्तरीपूरा मंडी में मिलता है ठीक रेट

किसानों को अपनी फसल लेकर ज्यादा दूर जाना भी नहीं पड़ता है बगल मे ही उत्तरी पूरा व शिवराजपुर मंडी समिति मे अपनी फसल को बेंचकर लाभ कमाते है उसके लिए उनको आढ़त मालिकों के पास चक्कर नहीं लगाने पड़ते है और सीधे मंडी समिति मे फसल बेंचकर पैसा खातों मे ट्रांसफर हो जाता है। किसान फरियाद अली, वशीर,राम लखन चौहान, सुंदर कमल, चांद मोहम्मद , आदि किसान धनिया की फसल उगा खुशहाल है।

### प्रसिद्ध है ककवन की धनिया

आसपास इलाके मे ककवन की महकती धनिया की फसल खूब प्रसिद्ध है। अन्य जिलों के व्यापारी भी ककवन की धनिया को लेने के लिए उत्सुक रहते है। जिसके चलते किसानों को अपनी फसल बेचनें मे असानी रहती है। स्वदेशी धनिया खाद्य मे प्रयोग किये जाने मे सुगमता के साथ बेहतर गुणवत्ता होने के चलते पूरे इलाके मे ककवन की धनिया प्रसिद्ध है।

# सीसामऊ में चली ईंटें, मचा हड़कंप, दरोगा पर फेंका पत्थर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- दुर्गा मंदिर गली में ओवरटेक करके शुरू हुई मारपीट

**अमृत विचार।** सीसामऊ थानाक्षेत्र में सोमवार देर रात ओवरटेक करके स्कूटी सवार युवकों ने दूसरी स्कूटी पर सवार युवकों को रोक लिया। इसके बाद बहस करते करते हेलमेट मारना शुरू कर दिया। जिसके बाद आरोपियों ने सड़क पर पड़े ईंट-पत्थर चलाने शुरू कर दिए जिससे हड़कंप मच गया। इसके बाद दोनों पक्षों ने अपनी तरफ से लोगों को बुला लिया। आरोपी पक्ष ने उन लोगों को भी जमकर पीटा और पत्थर फेंके। इस दौरान किसी ने घटना की सूचना पुलिस को दे दी। सूचना पर पहुंचे दरोगा को देखते हुए आरोपियों ने उन पर पत्थर फेंका जिससे वह अनियंत्रित होकर गिर पड़े। किसी तरह दौड़कर उन्होंने आरोपी को पकड़कर थाने भिजवा दिया। पकड़े गए आरोपी लकड़ी मंडी के बताए जा रहे हैं।

सोमवार रात करीब 11 बजे दुर्गा मंदिर वाली गली में रहने वाले दो युवक स्कूटी से लौट रहे थे। इतने में ही एक होम्योपैथी स्टोर के बाहर लकड़ीमंडी के युवकों ने दोनों युवकों को आगे स्कूटी लगाकर रोक लिया। इसके बाद दोनों आरोपियों ने बहस करते-करते दूसरे स्कूटी सवार युवकों को लात घूसों और हेलमेट से मारना शुरू कर दिया। इतने में दुर्गा मंदिर गली के युवकों ने जान बचाकर भागने की कोशिश की तो आरोपियों ने ईंट-पत्थर चलाना शुरू कर दिया। कई ईंट पास खड़ी दो गाड़ियों में लग गई। हालांकि, घटनास्थल के पास स्थित घरों में सीसीटीवी लगे हैं, लेकिन दहशत के कारण कोई बाहर आने की हिम्मत नहीं जुटा सका। इसके बाद पीड़ित युवकों ने सूचना परिजनों को दी। जिसके बाद मौके पर वह लोग भागते हुए पहुंचे। इस दौरान आरोपी पक्ष से भी कई युवक पहुंच गए। इस दौरान लकड़मंडी पक्ष के आरोपियों ने ईंट पत्थर चलाए और जमकर मारपीट और गालीगलौज की। हल्का इंचार्ज विष्णु शर्मा जैसे ही सिपाही के साथ मौके पर पहुंचे तो एक आरोपी ने बचने के लिए उनकी बुलेट पर ईंट चला दी, जिससे वह अनियंत्रित होकर गिर गए। किसी तरह गाड़ी छोड़कर आरोपी को दौड़ाकर पकड़ लिया। घटना के बाद पीड़ितों व इलाकाई लोगों में आक्रोश दिखा। सूचना पर पहुंचे थाना प्रभारी हिमांशु चौधरी ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। इसके बाद वहां मौजूद भीड़ को जाने के निर्देश दिए। पीड़ित के पिता दहशत में हैं। उन्होंने थाने में आरोपियों के खिलाफ तहरीर नहीं दी है। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले में तीन लोगों पर शांति भंग में कार्रवाई की गई है।


बीच सड़क पर डीजे पर बज रहे होली गीतों पर झूमते युवा। अमृत विचार


होली पर घर के बाहर रंग खेलकर मस्ती करते बच्चे। अमृत विचार

# रंगों की बौछार, हवा में जमकर उड़ा अबीर-गुलाल

## शहर के अलावा जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में उत्साह व उमंगपूर्ण वातावरण में मनाया गया रंगोत्सव, जमकर खेला गया रंग

- रविवार रात से मंगलवार दोपहर तक जारी रहा गुलाल व रंग लगाने का सिलसिला
- बच्चों व युवाओं ने घूम-घूमकर डीजे पर बज रहे गीतों पर नृत्य करते हुए मनाया त्योहार

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** शहर सहित पूरे जिले में सभी ने परंपरागत ढंग से रंगों का पर्व होली उत्साहपूर्वक मनाया। होलिका दहन के साथ एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर त्योहार मनाने का शुरू हुआ सिलसिला तीसरे दिन दोपहर तक जारी रहा।

रविवार का रात 11.14 बजे के बाद मुहूर्त शुरू होने पर विभिन्न स्थानों पर होलिका पूजन शुरू हुआ। आचार्यों ने मंत्रोच्चारण करते हुए होलिका दहन की अगुआई करने वालों से घी व कपूर का इस्तेमाल करा आग प्रज्ज्वलित कराई। होलिका दहन होने पर मौके पर मौजूद क्षेत्रीय लोगों ने जल रही होलिका का पूजन-अर्चन कर अग्नि को गुझिया समर्पित की। साथ ही गन्ने से बांधकर गेहूं व चने की बालियां भूनीं। लोगों ने सार्वजनिक होलिका में डाले गए जलते हुए बल्लों को ले जाकर घरों में होलिका जलाई। वहीं होलिका दहन स्थलों पर मौजूद रहते सभी एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगा रंगोत्सव पर शुभकामनाएं भी देते रहे। कई होलिका दहन स्थलों पर शाम से ही डीजे व साउंड बाक्स लगाकर होली सहित अन्य गीतों की स्वर लहरियां वातावरण को उमंगपूर्ण बनाए रहीं। इससे होलिका दहन के पहले से डांस करने वाले युवा देर तक अपनी कला का प्रदर्शन करते रहे। सुबह दिन निकलते ही होली पर रंग खेलने का सिलसिला शुरू हो गया।

युवाओं सहित बच्चे रंग व अबीर-गुलाल भरी पिचकारियां लेकर घर-परिवार के लोगों को रंगते रहे। सुबह करीब साढ़े आठ बजे से शहर की सड़कों और गलियों में भी होली के रंग बिखेरने शुरू हो गए। युवाओं की टोलियां न सिर्फ अपनों, बल्कि सड़कों व गलियों में निकले लोगो भी रंगते रहे। दोपहर करीब तीन बजे रंग खेलना कम होकर बंद होता रहा, युवाओं सहित बच्चे व अधेड़ भी इसी तरह रंगबाजी करते रहे। शहरी होरियारों ने दोपहर बाद रंग खेलना भले बंद कर दिया, लेकिन वह अबीर-गुलाल लगाकर सभी जानने वालों के चेहरे हरे, लाल व गुलाबी करते रहे।


शहर के मुख्य मार्ग पर होली की मस्ती में डूबे युवा। अमृत विचार

### होलिका दहन के बाद मुहूर्त रहा दरकिनार

होलिका दहन के साथ ही मुहूर्त दरकिनार होते रहे। बैंक सहित अधिकांश सरकारी व गैर सरकारी कार्यालयों में सोमवार को ही अवकाश था। इसलिए पूर्णिमा के बाद अंझा मनाने के बजाए सोमवार को खूब रंग खेला गया। हालांकि शहर में पहले से धुलेंडी के अगले दिन रंग खेलने की काफी पहले से परंपरा चली आ रही है। इसलिए मंगलवार को भी त्योहार मनाने वालों ने परिवार सहित अन्य करीबियों के साथ होली खेली।

### बजते रहे फिल्मी सहित धार्मिक गीत

होली पर स्थानीय होरियारों द्वारा जगह-जगह लगवाए गए साउंड में फिल्मी के साथ धार्मिक गीत बजते रहे। इसमें 'होरी खेलें रघुवीरा बिरज में होरी खेलत रघुवीरा' व 'आज बिरज मा होरी है रसिया' आदि धार्मिक रंग लिए गीत बजाने पर जोर रहा। वहीं 'आज न छोड़ेंगे बस हम हमजोली, खेलेंगे हम होली' सहित अन्य नए-पुराने होली गीत लगातार गूंजते रहे और उन पर युवा व बच्चे झूमते रहे।

# भोलेश्वर का श्रृंगार, दी गईं होली की शुभकामनाएं

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** होली पर गांवों में मंदिर-मंदिर फाग पहले से आयोजित होते आ रहे हैं। अब शहरी युवा भी मंदिरों कार्यक्रम आयोजित कराने लगे हैं, जिसमें शामिल होकर आसपास के बाशिंदे परस्पर मेल-मुलाकात कर त्योहार पर शुभकामनाएं भी देते हैं।

मोतीनगर स्थित भोलेश्वर महादेव मंदिर पर आसपास रहने वाले युवाओं ने सोमवार को जहां भव्य श्रृंगार कराया। पूरे दिन चली तैयारियों से न सिर्फ मंदिर में स्थापित शिवलिंग को फूलों से सजाया गया, बल्कि मंदिर की भी फूलों सहित अन्य लड़ियां लगाकर सजावट की। शाम को आसपास के लोग यहां एकत्र होने लगे। सभी ने शिवलिंग के दर्शन कर श्रद्धापूर्वक उनके सामने सीस झुकाया। मौके पर मौजूद सभी श्रद्धालुओं ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली पर शुभकामनाएं दीं। इसके बाद आरती व प्रसाद वितरण हुआ। उल्लेखनीय है कि कुछ माह पहले ही स्थानीय निवासी चंदर व देवेंद्र ने जनसहयोग से जीर्णोद्धार करा भव्य भगवान शंकर की बरात निकाली थी। इस दौरान पियूष सिंह, गोलू सिंह चंदेल, नवीन चौधरी उत्कर्ष, विवेक शुक्ला, इशता शर्मा, अनव, विशाल, निधि, सुधा, ममता, मधु, शिवानी, यश, अंश, दीपाली व युग सहित अन्य लोग मौजूद रहे। इसी तरह रामेश्वर महादेव मंदिर में भी युवाओं ने भव्य कार्यक्रम आयोजित किया।


भोलेश्वर मंदिर में स्थापित शिवलिंग का किया गया श्रृंगार। अमृत विचार

### यहां पुलिस की माचिस से ही जलाते हैं होलिका

अमृत विचार पुरवा। कोतवाली क्षेत्र में 63 ग्राम पंचायतों व 231 गावों में 210 स्थानों पर होलिका दहन हुआ। भाटमऊ के नौशाद खान ने बताया कि करीब 12 वर्षो से होली जलाने के लिए आपस में माचिस न देने पर होली न जलने का मसला कोतवाली पुलिस से अवगत कराया गया था। तभी से पुलिस माचिस लेकर आती है और उसी माचिस से होली जलाई जाती है। रविवार रात कोतवाली पुलिस माचिस लेकर गांव पहुंची और गांव निवासी 65 वर्षीय रामसागर यादव ने उसी माचिस लेकर होली जलाई। कोतवाल कुंवर बहादुर सिंह ने बताया कि भाटमऊ गांव में पुलिस माचिस लेकर गांव जाती है तभी होली ग्रामीण रामसागर जलाते हैं। बताया कि क्षेत्र के होली का त्योहार सकुशल निपट गया।

# रंग खेलने में बच्चे, बूढ़े और जवानों पर खूब छाई मस्ती


चंपा पुरवा मोहल्ला में होली खेलते युवा। अमृत विचार


पिपरी गांव में होली पर होता फाग। अमृत विचार

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** होली के दिन बच्चों, बूढ़ों के साथ युवाओं ने अबीर व गुलाल खेलकर जमकर मस्ती की। युवा टोलियां बनाकर गलियों व चौराहों पर अबीर-गुलाल उड़ाते रहे। सोमवार सुबह से ही लोग घरों से निकल पड़े और दोपहर बाद तक सभी रंगों से सराबोर हो गए। युवा जगह-जगह लगे डीजे व साउंड सिस्टम पर थिरकते रहे। इस दौरान हुड़दंग करने वालों को पुलिस ने कई जगह खदेड़ा।

नगर के मोहल्ला सर्वोदय नगर, नेहरू नगर, कंचन नगर, गांधी नगर, चंपापुरवा, सुभाष नगर, गोपीनाथ पुरम, इंद्रा नगर, बिंदा नगर, आजाद नगर आदि स्थानों पर होरियारे दिन भर रंगों की मस्ती में डूबे रहे। सभी एक-दूसरे को रंग लगाते हुए नाचते गाते रहे।

वहीं घरों में महिलाओं ने भी होली पर जमकर रंग खेला। रंगों से नगर की सड़कें व गलियां पूरी तरह रंग गईं। वहीं नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में होरियारों ने ढोलक की थाप पर फाग गाया। पिपरी गांव में राजेश बाजपेयी ने फाग का आयोजन करा कन्या भोज भी कराया। इस दौरान गंगाघाट पुलिस जगह—जगह गस्त करती रही। कोतवाली प्रभारी रामफल प्रजापति फोर्स के साथ क्षेत्र में भ्रमण करते रहे।

### बंदी के बाद भी खूब बिकी शराब

जिला प्रशासन ने होली पर शराब की दुकानें बंद कराने के आदेश दिये थे। लेकिन यह आदेश हवा में उड़ गया। दुकानों के सेल्समैन आसपास की दुकानों में शराब की बोतलें रखवा कर बिक्री करवाते रहे। वहीं देहात क्षेत्र में भी चोरी छिपे शराब बिकी।

### दूसरे दिन भी जमकर हुई रंगबाजी

गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला चंपा पुरवा, नाथू खेड़ा, परमसुख खेड़ा, सुखलाल खेड़ा आदि गावों में होली के दूसरे दिन भी जमकर रंगबाजी हुई। मंगलवार को सुबह से शाम तक लोग रंग में सराबोर दिखे।

# होली मिलन समारोह में गले मिल कर मिटाए सभी गिले-शिकवे

संवाददाता सफीपुर उन्नाव

**अमृत विचार।** कस्बे में होली की धूम के चलते दिन में हर कोई रंगों से सराबोर दिखा। वहीं शाम को प्रसिद्ध शंकरी देवी मंदिर प्रांगण में सैकड़ों वर्ष पूर्व से चल रहा होली मिलन समारोह बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जहां लोगों ने अपने गले शिकवे भूल आपस में गुलाल लगाया।

नगर व ग्रामीण क्षेत्र से आए लोगों ने होली मिलन समारोह में शामिल होकर एक दूसरे को बधाइयां दी तथा कई पार्टियों द्वारा फाग गायन का भी आयोजन किया गया। इस मौके पर क्षेत्रीय विधायक बम्बालाल दिवाकर, ब्लॉक प्रतिनिधि रमेश रावत, अभिषेक दीक्षित, डा. जय नारायण लोधी, नीरज कुशवाहा, अमित कुशवाहा, देवकी नंदन सैनी, क्षेत्रीय ग्राम प्रधान अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। वहीं इसी क्रम में भारत विकास परिषद सफीपुर द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह आयोजित हुआ। जहां वक्ताओं ने स्वामी विवेकानंद की जीवन पर भी प्रकाश डाला। मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए चेयरमैन प्रतिनिधि सौरभ बाजपेई राजा बेटा ने विवेकानंद के चरित्र पर प्रकाश डाला तथा एक दूसरे के गले मिलकर बधाई दी। पूर्व शिक्षक दिवाकर द्विवेदी ने संपर्क समर्पण संस्कार सेवा सहयोग के मूल विचारों पर प्रकाश डाला। इस दौरान भारत विकास परिषद के अध्यक्ष ओमप्रकाश किरण गुप्ता, अन्य पदाधिकारियों में उत्तम निषाद, हरपाल सिंह, संजीव गुप्ता, राकेश गुप्ता, वीरेंद्र मिश्रा, बीपी सिंह सेगर, अवधेश सिंह फौजी, विनोद मिश्रा, शिवबक्स सिंह, प्रेम नारायण तिवारी, धीरज तिवारी, अजय तिवारी, सभासद बेचेलाल गुप्ता, सौरभ तिवारी, रमाकांत सिंह, आनंद गौड़ एडवोकेट, नीरज सैनी आदि मौजूद रहे।


होली मिलन समारोह में चेयरमैन प्रतिनिधि सौरभ बाजपेई व अन्य। अमृत विचार

# गले मिल अफसरों ने दी एक-दूसरे को होली की बधाई

**उन्नाव।** जिला स्तरीय अफसरों के यहां भी होली पर्व धूम से मनाया जाता रहा। अफसरों के आवास पहुंचकर लोगों ने न सिर्फ त्योहार की शुभकामनाएं दीं, बल्कि अबीर-गुलाल भी लगाया। डीएम गौरांग राठी, सीडीओ प्रेम प्रकाश मीणा, एसपी सिद्धार्थ शंकर मीना व डीजे प्रतिमा श्रीवास्तव के आवास पर पहुंचकर विभागीय असफरों व विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों सहित अन्य लोग पहुंचते रहे। सभी अधिकारियों से मिलकर उन्हें बुके भेंटकर शुभकामनाएं देते रहे। अधिकारियों ने भी शुभकामनाएं देने वालों से बातचीत की।

# होलिका दहन को लेकर दो पक्षों में तनाव, पहुंचे अफसर

- फाग की टोली पर पथराव का आरोप, पुलिस की सूझबूझ से टकराव टला

संवाददाता परियर उन्नाव

**अमृत विचार।** सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के बरहली गांव में होलिका दहन के स्थान पर एक वर्ग विशेष के लोगों द्वारा पानी भरने से दूसरी जगह होलिका जलाने पर विवाद शुरू हो गया। दोनों ओर से लोगों के जुटने की सूचना पर पुलिस पहुंची। पुलिस को सूचना और रात में ही एक युवक बब्बू पुत्र शरीफ को हिरासत में ले कर मामला शांत कराने के बाद होलिका दहन कराया। वहीं सुबह फाग की टोली पर पथराव के आरोप लगे। वहीं दूसरे पक्ष ने फाग टोली पर जबरन धर्म स्थल पर घुसने का आरोप लगाया।

सफीपुर कोतवाली गांव के निवासी योगेंद्र, आशीष, दिलीप, मिथलेश आदि ने बताया सोमवार सुबह लगभग 10 बजे ग्रामीण फाग की टोली के साथ गांव भ्रमण कर रहे थे। तभी मदरसे के नाम पर बने मकान जिसमे अब कुछ दिनों से लाउड स्पीकर लगाकर नमाज भी पढ़ी जा रही है। उससे कुछ लोगों ने अपत्तिजनक उद्घोषणा की। इसके बाद फाग की टोली पर पथराव भी किया गया। जिसमें स्थानीय पुलिस ने मो. हमीद, मो .जमील, मो. सत्तर, मौलाना अब्दुल मन्नान अली, मो. मजीद, मो. शहीद, मो. हनीफ को हिरासत में लेकर जांच शुरू की। जबकि दूसरे पक्ष मुस्ताक, नफीस, अजमेरी, नसीम, जान मोहम्मद, ईसानू आदि ने बताया कि गांव के लोग डीजे के साथ मस्जिद आ रहे थे। जिसका वीडियो मौलाना अब्दुल मन्नान हाफिज बना रहे थे। तभी सभी लोग धर्म स्थल के अंदर घुस आए और बाद में सबको बाहर निकालकर ताला बंद कर दिया। जिसके बाद मौके पर सैकड़ो लोग जमा हो गए। जिसकी जानकारी मिलते ही सफीपुर सीओ ऋषि कांत शुक्ला, एसएचओ श्याम नारायन फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और दोनो पक्षों समझाकर शांत कराया।


शिकायत पर जांच करने पहुंचीं एसडीएम। अमृत विचार

# आग की चपेट में आए चार घर, गृहस्थी जली, कई मवेशी मरे

**बांगरमऊ उन्नाव।** कोतवाली क्षेत्र के गांव नसिरापुर में मंगलवार दोपहर अज्ञात कारणों से अचानक आग लग गई। आग से एक भैस गंभीर रूप से झुलस गई और तीन बकरियों की जलकर मौत हो गई। साथ ही चार घरों की गृहस्थी का लाखों का सामान भी जलकर राख हो गया। लेखपाल ने गांव पहुंचकर नुकसान का आंकलन कर रिपोर्ट तहसील भेजी। नसिरापुर गांव में दोपहर बाद अचानक बुद्धा पुत्र मुरली राठौर के अहाते में अज्ञात कारणों से आग लग गई। हवा के झोंकों से प्रचंड आग ने सुनील रैदास, शीलू रैदास कुलदीप के घरों को भी चपेट में ले लिया।

## सार-संक्षेप

### ई-रिक्शा में मारी टक्कर, पीटने वाले दो हिरासत में

**शुक्लागंज उन्नाव।** तेज रफ्तार बाइक सवार युवकों ने ई-रिक्शा में टक्कर लगने के बाद चालक को लात-घूसों से जमकर पीट दिया। इसमें वह गंभीर घायल हो गया। उसकी शिकायत पर पुलिस ने बाइक सवार दो युवकों को पकड़कर उनके विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की। कानपुर के दर्शन पुरवा निवासी अश्वनी सोमवार को सवारी लेकर शुक्लागंज आया था। नेहरू नगर जोगा भोगा वाली गली के सामने ई-रिक्शा मोड़ते समय एक तेज रफ्तार बाइक ने रिक्शे में टक्कर मार दी। इसमें बाइक सवार कानपुर के महाराज पुर निवासी अजीत और मोहित ने चालक को जमकर पीट दिया। यह देख वहां मौजूद लोगों की भीड़ लग गई। तभी गस्त कर रहे सिपाही वहां पहुंच गए और दोनों पक्षों को कोतवाली लाए। पुलिस ने बाइक सवार युवकों पर मारपीट की रिपोर्ट दर्ज की है।

### पुरानी रंजिश में युवक को पीटा, रिपोर्ट दर्ज

**शुक्लागंज उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के रजवा खेड़ा गांव में पुरानी रंजिश में सोमवार रात दो पक्षों में विवाद हो गया। इसमें घायल युवक ने आरोपियों के विरुद्ध पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने तीन लोगों के विरुद्ध मारपीट की रिपोर्ट दर्ज की है। रजवा खेड़ा निवासी जीतू निषाद का गांव के कुछ लोगों से पुराना विवाद चलता है। सोमवार रात घर के पास उसे गांव के मुकुंद, मुकेश व एक अन्य युवक ने उसे रोक लिया और गालीगलौज करने लगे। जीतू ने आरोप लगाया कि विरोध करने पर लाडी-डंडों से उसे पीट दिया। जिससे उसे गंभीर चोटें आ गईं। पुलिस ने तीनों के विरुद्ध मारपीट की रिपोर्ट दर्ज की है।

### अचानक सामने आई बकरी को बचाने में पलटी कार, दो घायल

**शुक्लागंज।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के गांव लोचन खेड़ा के पास अचानक सामने आई बकरी को बचाने के चक्कर में कार अनियंत्रित होकर खंती में पलट गई। इसमें कार सवार दो युवक गंभीर घायल हो गये। लोगों ने कार में फंसे लोगों को बाहर निकाला। सोमवार शाम करीब सात बजे लोचन खेड़ा निवासी राकेश पुत्र मुन्ना अपने साथी राकेश पुत्र लक्ष्मण के साथ कार से कहीं जा रहा था। तभी लोचन खेड़ा मार्ग पर अचानक सामने बकरी आ गई। उसे बचाने में राकेश ने कार सड़क किनारे खंती में पलट गई। दोनों युवक घायल हो गये। जिन्हें वहां मौजूद लोगों ने अस्पताल भेजा। जहां उनका इलाज किया जा रहा है।

### 200 लोगों को पाबंद करने का नोटिस एसडीएम कोर्ट भेजा

**पुरवा।** आगामी लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से निपटाने के लिए प्रशासन ने कमर कस ली है। कोतवाली प्रभारी कुंवर बहादुर सिंह ने कहा कि अब तक 200 लोगों को पाबंद करने को नोटिस एसडीएम कोर्ट भेजी गई हैं। साथ ही मिनी गुंडाएक्ट में 10 व गुंडाएक्ट में 4 को पाबंद करने के साथ 150 शस्त्र जमा कराए जा चुके हैं। पुलिस शरारती तत्वों पर पैनी नजर बनाए हुए है। 56 हिस्ट्रीशीटरों का भी सत्यापन पर कराया जा रहा है कि समाज में उनका इस समय कैसा क्रियाकलाप है।

### आधी रात को छप्पर में लगी आग, हजारों का सामान जला

**पुरवा।** असोहा थानाक्षेत्र के गांव कंचनपुर निवासी अमरजीत गुप्ता के छप्पर के बंगले में सोमवार देर रात आग लग गई। लपटें उठती देख अमरजीत आनन-फानन में पत्नी मधु, बेटे रिशु, बिशु व बेटी पिंकी को लेकर बाहर भागा। शोर सुन आसपास के लोगों ने निजी संसाधनों से करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग से अमरजीत की गृहस्थी का सामान टीवी, बेड, तखत, अलमारी सहित करीब एक कुंतल गेहूं जलकर खाक हो गया। गनीमत रही कि बड़ी घटना होते बच गई और जनहानि नहीं हुई। अमरजीत की सूचना पर पहुंचे क्षेत्रीय लेखपाल अशोक कुमार ने जांच कर करीब 42 हजार का नुकसान होने की रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेजने की बात कही है।

होली का उल्लास

## श्री राधाकृष्ण दुर्गा मंदिर में प्रतिमाओं को सजाया गया, भक्तों ने की पूजा-अर्चना

# राधाकृष्ण मंदिर में खेली गई लट्ठमार होली

- आयोजक बोले, आज खेली जाएगी गुलाब की होली
- लोगों से कार्यक्रम में बढ़-चढ़ कर भाग लेने की अपील

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** नगर के मोहल्ला पोनीरोड स्थित श्री राधाकृष्ण दुर्गा मंदिर में बृज की होली उत्सव मनाया गया। इसमें मंगलवार को लठ्ठमार होली आयोजित करने के साथ मंदिर में भव्य श्रंगार भी हुआ। भक्तों ने अबीर-गुलाल उड़ाकर लठ्ठमार होली खेली गई।

इस अवसर पर मंदिर में स्थापित राधाकृष्ण की प्रतिमाओं का भव्य श्रंगार किया गया। दोपहर से देरशाम तक मंदिर में भजन कीर्तन आयोजित होता रहा। इसके साथ जमकर लठ्ठमार होली भी खेली गई।

मंदिर व्यस्थापक कमल दोसर ने बताया कि बुधवार को गुलाब की होली, गुरुवार को फूलों की होली, शुक्रवार को जलेबी की होली और रंगों की होली का आयोजन होगा। उन्होंने लोगों से कार्यक्रम में बढ़चढ़ कर भाग लेने की अपील की है।


राधाकृष्ण मंदिर में हुई भव्य सजावट। अमृत विचार

# सुख, समृद्धि, देश में अमन शांति के लिए दुआ मांगी

संवाददाता पुरवा उन्नाव

**अमृत विचार।** पाक व बरकत महीना माहे रमज़ान में विशेष नमाज़ तरावीह 15वीं शब में नगर की तीन मस्जिदों में कुरान पाक मुकम्मल हुई। जिसे लेकर उलेमाओं के जरिए सुख, समृद्धि व देश में अमन शांति की दुआ मांगी गई।

नगर के वजीरगंज मोहल्ला में एक मिनारी मस्जिद में कारी सरिफुद्दीन व खानजादा वाली मस्जिद में हाफिज आदिल व शीतलगंज बिलाल मस्जिद में कारी कौसर ने माहे रमज़ान की 15वीं शब में कुरान पाक मुकम्मल कराया गया। साथ ही तरावीह पढ़ने वालों द्वारा कारी सरिफुद्दीन व हाफिज आदिल व कारी कौसर व मुअज्जन अमन को माला पहनाकर मुबारक दी गई। इस दौरान मौलाना मो. इस्लामुद्दीन बरकाती ने बताया कि पवित्र माहे रमज़ान में ही कुरान पाक नाज़िल हुआ था। उन्होंने लोगों से अपने बच्चों को कुरान की शिक्षा को जरूर दिलाने पर जोर दिया। इसमेंमौलाना आरिफ, कारी मुस्लिमीन, हाफ़िज़ नौसाद, हाफ़िज़ शादाब, हाफिज आशिफ आदि ने माहे रमज़ान की फज़ीलत व कुरान पाक की इल्म बताई। मो. हारुन खान, मो. अनस खान, मो. इस्माइल खान, मो. उमर, सिद्दीक, आरिफ, तौकीर, नज़ीर, मुंशी, शब्बीर आदि रहे।

